RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-274 जयपुर, बुधवार, 01 अप्रैल 2026 मूल्य-4 रूपये

## कोलकाता में ईसी ऑफिस के बाहर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

कोलकाता/चेन्नई

कोलकाता में चुनाव आयोग ऑफिस के बाहर मंगलवार को भाजपा और TMC कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस के अनुसार, TMC समर्थित बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) का एक ग्रुप वोटर लिस्ट में हेरफेर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। इस दौरान उन्होंने सुरक्षाबलों पर पथराव किया। इससे वहां खड़े वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। बाद में भाजपा के कार्यकर्ता भी वहां झंडा लेकर पहुंच गए। इसके बाद TMC प्रदर्शनकारियों की पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं से झड़प हो गई। पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया गया। इधर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि BJP बिहार, उत्तर प्रदेश के अवैध वोटरों को बंगाल के वोटर लिस्ट में शामिल करने की कोशिश कर रही है।

## शादी से घर लौट रहे युवक पर तलवार से हमला कर हत्या

उदयपुर

उदयपुर में 6 से ज्यादा बदमाशों ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर युवक की हत्या कर दी। युवक चचेरे भाई की शादी के फंक्शन में शामिल होकर स्कूटी से घर लौट रहा था। तभी बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। घटना पाटिया थाना क्षेत्र के खेड़ाघाटी, बलीचा में सोमवार रात करीब 2 बजे की है। पुलिस ने शव को खेरवाड़ा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। युवक की मौत के बाद परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक पोस्टमॉर्टम करवाने और अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया। मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे से पुलिस और ऋषभदेव डीएसपी राजीव राहर परिजनों को समझाने में जुटे।

# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, 9 श्रद्धालुओं की मौत

### पीएम मोदी और सीएम की तरफ से मुआवजों का एलान

नालंदा

बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के



बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है। आज नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 10 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के SHO राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है।

रकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार के चलते पटना और आसपास के इलाकों से भी दर्शन के लिए पहुंचे थे। इस वजह भीड़ बहुत बढ़ गई।

मंदिर परिसर छोटा था। भीड़ को कंट्रोल करने के इंतजाम नहीं थे। लोगों में पहले दर्शन करने की होड़ लग गई।

लोग कतार में लगने की जगह आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। इससे भगदड़ की स्थिति बन गई। कई लोग भीड़ के नीचे दब गए।

मंदिर में मौजूद एक श्रद्धालु ने बताया, 'भगदड़ के बाद कई महिलाएं बेहोश पड़ीं थीं। कुछ दर्द से चिल्ला रहीं थीं। लोगों ने पुलिस को खबर की। पहले 2-3 पुलिस वाले पहुंचे। उनके साथ मिलकर श्रद्धालुओं ने घायल महिलाओं को किनारे लिटाया। कई बार एंबुलेंस के लिए फोन किया गया। घटना के करीबब 40 मिनट बाद पहली एंबुलेंस पहुंची और पुलिस के कुछ अफसर भी आए। इसके बाद घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। महिलाओं को उठाते समय ही लग रहा था कि उनमें से कुछ की मौत हो गई है।'

### मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था नहीं की

आज चैत्र का आखिरी मंगलवार है। मघड़ा शीतला मंदिर में इस दिन हर साल भीड़ होती है, मंदिर प्रबंधन को इस बात की जानकारी थी, इसके बाद भी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए अलग से कोई इंतजाम नहीं किया गया था। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग तक नहीं की गई थी। सुबह 8 से 9 बजे के बीच भीड़ अव्यवस्थित हो गई।

बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने की बजाए मंदिर प्रबंधन और वहां मौजूद पुजारी फायदा उठा रहे थे। वे लोगों से पैसा लेकर पीछे के दरवाजे से माता का दर्शन कराने लगे।

## राजस्थान में बारिश, जोधपुर समेत 6 जिलों में ओले गिरे



### बिजली गिरने से 2 बच्चों समेत 3 झुलसे

जयपुर

राजस्थान में मंगलवार को बारिश के साथ ओले गिरे। जोधपुर, अजमेर, चूरू, सीकर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ। इस समय गेहूं, सरसों और चने की फसलें कटाई के करीब है।

वहीं श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से मौसी समेत दो बच्चे झुलस गए। उनको बीकानेर के हायर सेंटर रेफर किया है।

प्रदेश में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर अप्रैल के पहले सप्ताह में भी रहेगा। इससे पहले सोमवार (30 मार्च) को इस सिस्टम का सबसे अधिक प्रभाव रहा।

कोटा, नागौर, डीडवाना-कुचामन में ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम के इस बदलाव से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई।

बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में हवा के साथ तेज बरसात हुई। दिन में सबसे ज्यादा बारिश कोटा में 20MM रिकॉर्ड हुई। वहीं, अलवर के कोटकासिम में 5MM और टपूकड़ा में 3MM बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं, नागौर, डीडवाना-कुचामन जिलों में देर रात हुई बरसात और ओले गिरने से कटने के लिए तैयार फसल खराब हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नागौर के धनारी कलां, ढेहरू, डेगाना के सांजू, चुई ओले गिरे हैं।

वहीं, डीडवाना-कुचामन जिले के मकराना क्षेत्र में मनाना, गच्छीपुरा क्षेत्रों में ओले-बारिश से नुकसान हुआ है।

## सूरत की बिल्डिंग में आग, 5 की मौत

सूरत

गुजरात के सूरत के लिंबायत क्षेत्र में मीठी खाड़ी के पास स्थित एक मकान में केमिकल में विस्फोट होने से भीषण आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। बताया गया एक घर में साड़ियों का काम होता था, जिसके चलते वहां ज्वलनशील केमिकल रखा गया था। केमिकल में अचानक ब्लास्ट होने से घर में जबरदस्त आग लग गई।

इस हादसे में पांच लोग बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया, जहां




डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान शहनाज़ बेगम अब्दुल कलाम अंसारी (65 वर्ष), हुसा बेगम अब्दुल कलाम अंसारी (18 वर्ष),शुभान रमजान अली अंसारी (4 वर्ष), शबीना रमजान अली अंसारी (28 वर्ष),परवीन अब्दुल कलाम अंसारी (19 वर्ष)के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। फायर विभाग और एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना स्थल पर पहुंचे सूरत महानगर पालिका के मेयर दक्षेश मवानी ने कहा कि मनपा का फायर विभाग और पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता से अपने कार्य में जुटा हुआ है। फिलहाल प्रशासन ने आग पर नियंत्रण पा लिया है और सर्च ऑपरेशन भी पूरा कर लिया गया है। इस दुखद हादसे से मृतकों के परिवारों में शोक की लहर है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं, ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

## पीएम मोदी ने केन्स सेमीकॉन प्लांट का किया उद्घाटन

### मेड इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड का दिया मंत्र

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन किया। यह सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह देश का दूसरा ऐसा प्लांट है। उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने प्लांट का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने ऑपरेटर्स और इंजीनियरों से बातचीत की। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पिछले महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में था और इस महीने के अंतिम



दिन भी मैं साणंद में हूं। यह केवल संयोग नहीं है बल्कि यह संकेत देता है कि भारत कितनी तेज गति से सेमिकंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

पीएम ने कहा कि साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित उत्पादों का बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए पहले ही बुक हो चुका है, जिससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का संदेश वैश्विक स्तर पर गूंजेगा। पीएम मोदी ने कहा कि केन्स जैसी भारतीय कंपनी अब वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का मजबूत हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में कई भारतीय कंपनियां दुनिया को एक भरोसेमंद और मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्लांट में उत्पादन शुरू होने के साथ ही भारत ने खुद को एक विश्वसनीय सेमीकंडक्टर सप्लायर के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है।

### पीएम ने हर इंजीनियर के मन में उत्साह जगाया है

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज हर इंजीनियर का सपना पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि सिर्फ 14 महीनों में प्लांट का निर्माण पूरा कर उत्पादन शुरू हो गया, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मुख्यमंत्री के लगातार प्रयासों की वजह से संभव हो पाया।

## दो डॉक्टर और रेडियोग्राफर गिरफ्तार, गंभीर बीमारी के फर्जी सर्टिफिकेट जारी किए

दौसा

दौसा में सिलिकोसिस बीमारी के फर्जी सर्टिफिकेट जारी कर वाले 2 डॉक्टर और 1 रेडियोग्राफर को गिरफ्तार किया गया है। तीनों ने सिलिकोसिस के 413 फर्जी सर्टिफिकेट जारी कर सरकार को 12.39 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया था। साइबर थाना प्रभारी बृजेश ने बताया- मामले में सोमवार 30 मार्च 2026 शाम करीब 7 बजे डॉ. मनोज ऊंचवाल (चेस्ट-टीबी कनिष्ठ विशेषज्ञ), डॉ. डीएन शर्मा (प्रमुख विशेषज्ञ मेडिसिन) और रेडियोग्राफर मनोहर लाल को गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर इन्हें जेल भेज दिया गया है। इनके खिलाफ दौसा में 29 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। दरअसल, दौसा जिले में 10 महीने में 2453 सिलिकोसिस कार्ड बनाए गए थे। शक होने पर सरकार ने जांच कमेटी गठित की। कमेटी की रिपोर्ट में सबसे ज्यादा 45% अकेले दौसा में सर्टिफिकेट जारी हुए थे। पूरे प्रदेश में 22 कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई थी। इसमें अकेले 13 लोग दौसा जिले से थे।

## राजस्थान में बनेंगे 591 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन

### सरकार देगी जमीन, ईवी से लंबी यात्रा होगी आसान

जयपुर

राजस्थान के बड़े शहरों और हाईवे पर 591 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। केंद्र सरकार ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के पब्लिक चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए 81.12 करोड़ रुपए का फंड देने की मंजूरी दी है। इस फंड से प्रदेश भर में 262 स्थानों पर कुल 591 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। दरअसल, अक्षय ऊर्जा




निगम ने प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत प्रदेश में नए ईवी चार्जिंग स्टेशन खोलने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था।

सबसे ज्यादा 112 ईवी चार्जिंग स्टेशन जयपुर में लगेंगे। अजमेर में 49, उदयपुर में 39 और कोटा में 28 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर 34 चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। हाईवे पर पब्लिक चार्जिंग स्टेशन लगने से ईवी से लंबी दूरी तक जाने वालों को सुविधा मिलेगी।

ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सरकार जमीन देगी। ज्यादातर जगहों पर सरकारी विभागों की जमीन पर ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट को राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम पूरा करवाएगा।

हाईवे और बड़े शहरों में चार्जिंग स्टेशन लगने से लोग अब इलेक्ट्रिक व्हीकल से लंबी यात्रा कर सकेंगे। चार्जिंग स्टेशन नहीं मिलने से अभी EV से लंबी यात्रा करने में दिक्कत होती है।

यह प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद हाईवे से लेकर शहरों में कहीं भी गाड़ी को चार्ज करने की सुविधा मिल जाएगी।

## अमेरिका की टेक कंपनियों पर हमले करेगा ईरान

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (IRGC) ने 18 बड़ी अमेरिकी कंपनियों को चेतावनी दी है कि उनके ईरान के खिलाफ दुश्मनी भरे ऑपरेशन्स में शामिल होने के कारण रीजनल ऑफिस को निशाना बनाया जाएगा।

ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार इन कंपनियों ने जासूसी करके ईरान के अंदर अमेरिकी-इजराइली आतंकी ऑपरेशन्स में मदद की है।

इन कंपनियों को जवाबी हमलों के लिए तैयार रहना चाहिए। सैन्य संगठन ने साफ किया कि 1 अप्रैल को ईरान के समय के अनुसार रात 8 बजे से शुरू होने वाले ये जवाबी हमले बहुत विनाशकारी होंगे।

इस लंबी ब्लैकलिस्ट में दुनिया की कुछ सबसे जानी-मानी टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल कंपनियाँ शामिल हैं। इन कंपनियों में Apple, Google, Meta और Microsoft के नाम शामिल हैं। IRGC ने HP, Intel, IBM और Cisco जैसी जरूरी हार्डवेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर देने वाली कंपनियों के साथ-साथ Tesla, Nvidia, Oracle, JP Morgan और Boeing जैसी दूसरी बड़ी वैश्विक कंपनियां भी शामिल हैं।

## राजस्थान बोर्ड 12वीं का परिणाम घोषित बेटियों का दबदबा

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने टॉपर्स को फोन पर बधाई दी

जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार सुबह कक्षा 12वीं आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस संकाय का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर कलक्ट्रेट से परिणाम जारी करते हुए टॉपर्स को फोन पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष का परिणाम कई मायनों में खास रहा।

साइंस संकाय में पांच विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि आर्ट्स में तीन छात्रों ने 99.60 प्रतिशत अंक



प्राप्त कर बाजी मारी। कॉमर्स संकाय में 99.20 प्रतिशत अंकों के साथ एक छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिणामों में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। आर्ट्स और साइंस संकाय में लड़कियों का परिणाम प्रतिशत लड़कों से अधिक रहा, जबकि कॉमर्स में लड़कों ने बढ़त बनाई। हालांकि इस वर्ष कुल परिणाम प्रतिशत में पिछले साल की तुलना में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। आर्ट्स का परिणाम 97.54 प्रतिशत, कॉमर्स का 98.50 प्रतिशत और साइंस का 97.52 प्रतिशत रहा। इस बार परिणाम समय से पहले घोषित कर बोर्ड ने नया रिकॉर्ड बनाया है। 12वीं की परीक्षाएं 11 मार्च को समाप्त हुई थीं और पहली बार मार्च माह में ही परिणाम जारी किया गया। इससे पहले 10वीं का परिणाम भी 24 मार्च को घोषित किया जा चुका है। परिणामों के बीच कई प्रेरणादायक कहानियां भी सामने आई हैं। श्रीगंगानगर की छात्रा नकिता ने गंभीर बीमारी के बावजूद 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, हालांकि इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वहीं जालोर के किसान पुत्र मनोहर ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर मेहनत का परिचय दिया। जयपुर की वर्षा शर्मा ने केमिस्ट्री और गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष लगभग 9 लाख 10 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परिणाम घोषित होते ही प्रदेशभर में खुशी का माहौल देखने को मिला और सफल विद्यार्थियों को बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी कर दिए। इस वर्ष के परिणाम केवल आंकड़ों का खेल नहीं हैं, बल्कि उन संघर्षों की जीत हैं जो साधारण घरों की चारदीवारी के भीतर असाधारण सपनों के साथ लड़े गए। जयपुर जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में इस बार बेटियों का दबदबा रहा, जहां नव्या मीणा और वर्षा शर्मा जैसी छात्राओं ने अपनी मेधा से यह साबित कर दिया कि सफलता संसाधनों की नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम और अटूट लगन की मोहताज होती है।

**आरबीएसई ने बनाया रिकॉर्ड :** बोर्ड प्रशासक शक्ति सिंह ने बताया कि बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत का ही नतीजा है कि देशभर के सभी बोर्ड में सबसे पहले परीक्षा परिणाम आरबीएसई ने घोषित किया है. बोर्ड के इतिहास में मार्च माह में इससे पहले कभी भी परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुए हैं.

## क्रूजर और स्कॉर्पियो की भिड़ंत में 3 महिलाओं की मौत

### 22 घायलों में 12 की हालत गंभीर

नोहर (हनुमानगढ़)

हनुमानगढ़ में स्कॉर्पियो और क्रूजर की आमने-सामने की भिड़ंत में 3 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। 12 लोगों को गंभीर हालत में हनुमानगढ़ रेफर किया गया है, जबकि अन्य का नोहर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्रूजर गाड़ी में सवार लोग हरियाणा में रिश्तेदारी में शोक संवेदना जताकर लौट रहे थे। हादसा नोहर में भद्रकाली बाइपास पर हुआ। एसपी नरेंद्र मीणा ने बताया- क्रूजर सवार लोग सोमवार शाम करीब 7 बजे हरियाणा से अपने गांव बुधवालियां, रावतसर



लौट रहे थे। इस दौरान नोहर में भद्रकाली बाइपास पर सामने से आई स्कॉर्पियो से भिड़ंत हो गई। हादसे में क्रूजर सवार राजबाला (40) पत्नी लक्ष्मणराम, रोशनी (48) पत्नी सागर मल और कलावती (40) पत्नी राजेंद्र की मौत हो गई। हादसे में 3 से 6 साल के 4 बच्चों समेत 22 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों को पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को क्षतिग्रस्त गाड़ियों से निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया।

12 लोगों को गंभीर हालत में हनुमानगढ़ रेफर कर दिया गया, जबकि 10 घायलों का नोहर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

एसपी ने बताया- क्रूजर गाड़ी में सवार लोग हरियाणा के बरढाना गांव में रिश्तेदारी में शोक संवेदना जताकर लौट रहे थे, जबकि बिना नंबर की स्कॉर्पियो सवार लोग जमाल, हरियाणा की तरफ जा रहे थे। हादसे में बुधवालिया गांव निवासी राजो (50) पत्नी हरिसिंह, विजास (25) पत्नी हंसराज, गुलजारी (40) पत्नी रामेश्वर, संतोष (50) पत्नी दर्शन, बनारसी (40) पत्नी राजेश, सीमा (40) पत्नी मोहर सिंह, दर्शन (50) पुत्र गुगनराम, मिनाक्षी (4) पुत्री राजेश, उत्तम (3) पुत्र राकेश, माही (6) पुत्री राकेश और जमाल निवासी चित्रा (5) पुत्री हैप्पी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको हनुमानगढ़ रेफर किया गया है।

## ओबीसी कैटेगरी से बाहर करें मुसलमानों को... बीजेपी सांसद के लक्ष्मण की मांग पर राज्यसभा में हंगामा



नई दिल्ली (एजेंसी)। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में सोमवार को खूब गहमागहमी देखने को मिली। राज्यसभा में सोमवार को बीजेपी सांसद के लक्ष्मण ने मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी से बाहर करने की मांग उठा दी। जिस पर ऊपरी सदन में खूब हंगामा मच गया। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया। राज्यसभा में बीजेपी सांसद लक्ष्मण ने मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी से बाहर करने की मांग की, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। उधर लोकसभा में भी भारी हंगामे के चलते कार्यवाही 12:30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में सोमवार को उस वक्त माहौल गरमा गया जब बीजू जनता दल के सांसदों ने विरोध स्वरूप राज्यसभा से वॉकआउट किया। यह विरोध निशिकांत दुबे द्वारा ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक पर की गई कथित विवादित टिप्पणी के खिलाफ किया। बीजेडी सांसदों के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि दुबे ने बीजू पटनायक को 'सीआईए एजेंट' बताया, जो न केवल अपमानजनक है बल्कि सम्मानित नेता की छवि को ठेस पहुंचाने वाला बयान है। इस मामले को लेकर बीजेडी के सभी सांसदों ने एकजुट होकर राज्यसभा से वॉकआउट कर सदन के बाहर अपना विरोध दर्ज कराया। यह विरोध केवल सदन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे पहले सांसद पात्रा ने एक और बड़ा कदम उठाकर संसदीय स्थायी समिति (आईटी) से इस्तीफा भी दे दिया था, जिसकी अध्यक्षता दुबे कर रहे हैं।

## पंजाब में अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, पांच घायल

बठिंडा (एजेंसी)। बठिंडा-डबवाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मचाना गांव के पास पेट्रोल पंप के नजदीक कार से सामने की टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि तीन महिलाओं समेत 5 गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बठिंडा के एम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं एक अन्य हादसे में जगराते से लौटते समय कार टैंपो ट्रैवलर से टकरा गई। इस हादसे में मां-बेटा व पोते की मौत हो गई, जबकि बेटी घायल है, जिसे हरियाणा के अस्पताल में भर्ती कराया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मल्लवाला निवासी स्वर्णजीत सिंह, विक्की सिंह और गुरुसर सैनेवाला निवासी प्रेम सिंह जस्सी बागवाली गांव में दर्शन कर लौट रहे थे। तभी उन्होंने बाइक को भारत माला रोड के गलत साइड पर मोड़ दिया सामने आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। वहीं कार में सवार तीन महिलाओं समेत पांच लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां बाइक सवार तीनों युवकों की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस मृतकों के परिजनों के बयानों पर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। वहीं दूसरे हादसे में मां-बेटा और पोते की मौत हो गई, जबकि बेटी घायल है। पोते के जन्म की खुशी में परिवार ने एक दिन पहले प्रार्थना सभा आयोजित की थी, लेकिन अगले दिन घर में मातम छा गया। अमर (22) और उसकी माता निर्मला देवी (50) अपनी बेटी के ससुराल में पोते के जन्म की खुशी में आयोजित जगराते में शामिल होने हरियाणा गए थे। जगराते के बाद जब माता-पिता पक्का कलां गांव लौटने लगे तो उनकी बेटी और पोता भी उनके साथ चले गए। फतेहाबाद के पास उनकी कार की टैम्पो ट्रैवलर से टक्कर हो गई जिसमें तीनों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## देशभर में बम की धमकी से दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार, 1100 ई-मेल भेजकर मचाया था हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली समेत देश के विभिन्न राज्यों में स्कूलों, उच्च न्यायालयों और सरकारी कार्यालयों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी देकर सनसनी फैलाने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन के तहत कर्नाटक के मैसूर से 47 वर्षीय श्रीनिवास लुईस को दबोचा है। आरोपी की गिरफ्तारी कर्नाटक पुलिस के सहयोग से मैसूर के वृंदावन लेआउट स्थित एक मकान से की गई है। पुलिस ने मौके से एक लैपटॉप और कई सिम कार्ड बरामद किए हैं, जिनका उपयोग धमकियां भेजने के लिए किया जा रहा था। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया जा रहा है, जहाँ उससे गहन पूछताछ की जाएगी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अनुसार, आरोपी श्रीनिवास लुईस ने अब तक लगभग 1,100 धमकी भरे ई-मेल भेजने की बात कबूल की है। वह अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग तकनीकी तरीकों और सिम कार्डों का इस्तेमाल करता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश को भी व्यक्तिगत रूप से धमकी भरा ई-मेल भेजा था, जिसके बाद मामला दर्ज कर तकनीकी पड़ताल शुरू की गई थी। हफ्तों तक चली इस जांच के बाद पुलिस आरोपी के ठिकाने तक पहुँचने में सफल रही। पुलिस जांच में आरोपी की पृष्ठभूमि को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मूल रूप से बेंगलुरु का रहने वाला श्रीनिवास पोस्टग्रेजुएट है, लेकिन वर्तमान में उसके पास कोई रोजगार नहीं है। वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता है, जो एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हैं और घर का खर्च उनकी पेंशन से ही चलता है। शुरुआती जांच में पुलिस को संदेह है कि आरोपी गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहा था और संभवत: इसी हताशा में उसने इस तरह के कृत्यों को अंजाम दिया। पुलिस का मानना है कि उसने जान-बूझकर अदालतों और स्कूलों जैसे संवेदनशील संस्थानों को निशाना बनाया ताकि बड़े पैमाने पर दहशत पैदा की जा सके। श्रीनिवास की इन झूठी धमकियों की वजह से पिछले कुछ समय में सुरक्षा एजेंसियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। कई बार स्कूलों और कार्यालयों को आनन-फानन में खाली कराना पड़ा, जिससे सामान्य कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ और जनता के बीच डर का माहौल बना रहा। अब दिल्ली पुलिस इस बात की तफ्तीश कर रही है कि क्या इस साजिश में कोई और भी शामिल था या श्रीनिवास ने अकेले ही इन वारदातों को अंजाम दिया।

# राज्यसभा से हो रही दिग्गी राजा की विदाई.... लेकिन सियासी गलियारों में अगले कदम पर नजर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सियासी गलियारे में दिग्गी राजा के नाम से मशहूर दिग्विजय सिंह की राज्यसभा की पारी अगले महीने समाप्त होने वाली है। लेकिन सियासी हलकों में बड़ा सवाल यही है कि राज्यसभा से विदाई के बाद वे क्या करने वाले हैं।

मध्य प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री और एआईसीसी महासचिव रहे दिग्विजय कांग्रेस पार्टी के अहम सिपहसालार तथा रणनीतिकार की भूमिका में रहे हैं। वे भले ही 79 साल की उम्र में प्रवेश कर चुके हैं, लेकिन अनुशासित जीवनशैली ने उन्हें आज भी पूरी तरह से चुस्त और तंदुरुस्त बनाए रखा है। दिग्गी राजा के बेटे जयवर्द्धन सिंह मध्य प्रदेश की राजनीति में जड़ें जमा चुके हैं। इसके बाद अपने गृह प्रदेश में उनके लिए गुंजाइश थोड़ी कम हो गई है। राष्ट्रीय राजनीति में भी दिग्विजय के लायक कोई ओहदा खाली दिखाई नहीं दे रहा।

बात दें कि सितंबर-अक्टूबर 2022 को पार्टी हाईकमान के खिलाफ अशोक गेहलोत की अप्रत्याशित बगावत ने दिग्विजय के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस समिति का 88वां अध्यक्ष बनने की राह अचानक से खोल दी थी। तब उन्हें राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को छोड़कर आनन-फानन में दिल्ली आना पड़ा था। यह सियासी विडंबना ही थी कि दिग्विजय ने जिस वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे से आशीर्वाद मांगा, कुछ घंटों बाद वे अध्यक्ष पद के लिए उन्हीं के नाम का अनुमोदन करते दिखाई दिए।

अनौपचारिक वार्ताओं में राहुल गांधी को यह मशविरा दिया गया है कि बहुसंख्यक समुदाय के बीच पार्टी की पैठ बनाने के लिए दिग्विजय की सेवाओं का इस्तेमाल विभिन्न साधु-संतों, गुरुओं और हिंदू धर्माचार्यों को जोड़ने वाले एक सेतु के रूप में हो सकता है।

दिग्विजय भगवा पार्टियों के 'हिंदुत्व' का विरोध कर स्वयं को सनातन धर्म का मुखर समर्थक बताते हैं। वे 'सच्चे हिंदुत्व' को परिभाषित करने के मसले पर कई बार भाजपा, आरएसएस, विहिप और अन्य हिंदूवादी संगठनों को 'शास्त्रार्थ' की चुनौती दे चुके हैं। उनका कहना है कि जो भी 'सर्वधर्म समभाव' में विश्वास नहीं रखता, वह सनातन धर्म का सच्चा अनुयायी नहीं हो सकता। उनके मुताबिक, हमारा सबसे पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता है, न कि मनुस्मृति है। इस सप्ताह रामनवमी पर भी दिग्विजय अयोध्या में दिखाई दिए थे। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि वे न धर्म की राजनीति करते हैं और न धर्म का राजनीति के लिए दुरुपयोग करते हैं।

एक दिलचस्प बात यह है कि दिग्विजय को उनके गृहनगर राघोगढ़ में 'हिंदूपति' यानी धर्म का रक्षक कहा जाता है। यह उपाधि महान योद्धा पृथ्वीराज चौहान के दौर से जुड़ी है, जिनके वंशज होने का दावा उनका परिवार करता है। पार्टी के अनेक नेताओं का कहना है कि अगर राहुल गांधी दिग्विजय सिंह के पुराने रिकॉर्ड को निकलने पर कई काम सामने आएंगे,जो आज की राजनीति में उन्हें और भी प्रासंगिक ठहराते हैं। फरवरी 2002 का 'दिग्गी सम्मेलन' इसकी सबसे बड़ी मिसाल है, जिसका मकसद राम जन्मभूमि आंदोलन पर विश्व हिंदू परिषद के एकाधिकार को ध्वस्त करना था। दिग्विजय, जो तब मप्र के मुख्यमंत्री थे, ने अपने गुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की मदद से कांची कामकोटि पीठ के सम्मानित शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती और पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती को एक मंच पर लाने का कारनामा किया था। इन लोगों ने मिलकर स्वामी स्वरूपानंद की अगुवाई में एक 'रामालय ट्रस्ट' का गठन किया था। उन्होंने इसके बाद राम मंदिर निर्माण का जिम्मा विहिप के बजाय इस ट्रस्ट को सौंपे जाने का दावा किया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी दिग्विजय की इन तीन शंकराचार्यों के साथ मंच साझा किया था। सोनिया के इस रुख से तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी काफी असहज हो गए थे। राम मंदिर के मुद्दे पर शंकराचार्यों के साथ सोनिया की नजदीकी पर वाजपेयी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। उन्होंने सवाल उठाया था कि जब सोनिया शंकराचार्यों के सामने नतमस्तक हो सकती हैं, तब विहिप के संतों से बातचीत करने के लिए उनकी आलोचना क्यों की जा रही है? वाजपेयी ने चुटकी लेकर कहा था, 'अगर वे शंकराचार्य का आशीर्वाद ले सकती हैं, तब मुझे महंत रामचंद्र परमहंस का आशीर्वाद लेने से वंचित क्यों किया जाना चाहिए?'

## कांग्रेस सांसद प्रशांत पडोले सड़क हादसे में बाल-बाल बचे, कार के एयरबैग न खुलने पर उठाए सवाल

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के भंडारा-गोंदिया क्षेत्र से कांग्रेस सांसद डॉ. प्रशांत पडोले सोमवार सुबह एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब वे अपने निजी वाहन से भंडारा से नागपुर एयरपोर्ट के लिए निकले थे। सांसद को दिल्ली में आयोजित संसद सत्र में शामिल होने के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन रास्ते में ही एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि इस भीषण टक्कर के बावजूद सांसद और उनके ड्राइवर को कोई गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद सांसद डॉ. प्रशांत पडोले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इस घटना की जानकारी साझा की। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को टैग करते हुए देश में सड़क सुरक्षा और वाहनों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, सांसद सुरक्षित नहीं, तो जनता का क्या होगा? उन्होंने विशेष रूप से कार की सुरक्षा प्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतनी जोरदार टक्कर के बाद भी वाहन के एयरबैग नहीं खुले। उन्होंने सरकार से मांग की कि वाहन निर्माता कंपनियों को सख्त आदेश दिए जाने चाहिए ताकि दुर्घटना के समय सुरक्षा उपकरण सही ढंग से काम करें। हादसे के बाद सांसद ने गजब की कर्तव्यनिष्ठा और जीवटता का परिचय दिया। मामूली चोटों और कार के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उन्होंने अपना दिल्ली दौरा रद्द नहीं किया। प्राथमिक उपचार के बाद, उन्होंने एक दोपहिया वाहन से लिफ्ट ली और नागपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे संसद सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उनके समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने उनकी इस सक्रियता की सराहना की है, लेकिन साथ ही बार-बार हो रहे हादसों पर चिंता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रशांत पडोले के साथ यह दूसरी बड़ी सड़क दुर्घटना है। इससे पहले सितंबर 2025 में भी वे एक सड़क हादसे का शिकार हुए थे। उस समय वे मुंबई से भंडारा लौट रहे थे, तभी सुबह के वक्त नागपुर बायपास के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। पिछले साल हुए उस हादसे में भी वे और उनके ड्राइवर बाल-बाल बचे थे। एक साल के भीतर दूसरी बार हुए इस हादसे ने सुरक्षा मानकों और व्यस्त राजमार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और टक्कर मारने वाले ट्रक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## एआईएमआईएम नेता जामई पर मृतकों के नाम पर चंदा जुटाने का आरोप: पुलिस में शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जामई एक गंभीर विवाद में फंस गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने हत्या के मामलों में जान गंवाने वाले युवकों के परिवारों की त्रासदी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये का चंदा इकट्ठा किया, लेकिन यह राशि पीड़ित परिवारों तक नहीं पहुंचाई गई। इस मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है और दिल्ली पुलिस के पास दो अलग-अलग परिवारों ने गंभीर शिकायतें दर्ज कराई हैं।

विवाद की शुरुआत 7 मार्च को चांदनी चौक के स्क्रैप कारोबारी मोहम्मद अरीब की हत्या के बाद हुई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद शोएब जामई संवेदना व्यक्त करने उनके घर पहुंचे और वहां एक वीडियो रिकॉर्ड किया। बाद में इस वीडियो को उनके आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक क्यूआर कोड के साथ पोस्ट किया गया। अरीब के भाई मोहम्मद अदीब ने डीसीपी को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि यह क्यूआर कोड 'सादिया फातिमा' नामक किसी अज्ञात महिला के नाम पर था, जिससे परिवार का कोई संबंध नहीं है। अदीब का दावा है कि इस माध्यम से लगभग 7 से 8 लाख रुपये जुटाए गए, जबकि परिवार को कोई आर्थिक मदद नहीं मिली। जब परिवार ने आपत्ति जताई, तो उन्हें बताया गया कि यह आईटी टीम की तकनीकी गलती थी और केवल मामूली रकम ही जमा हुई है।

इसी तरह का एक और मामला मानसरोवर पार्क इलाके से सामने आया है। सिराजुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि नवंबर 2025 में उनके नाबालिग बेटे की हत्या के बाद भी इसी तरह का चंदा अभियान चलाया गया था। अंसारी का आरोप है कि शोएब जामई ने उनके बेटे के नाम और वीडियो का इस्तेमाल कर सादिया फातिमा के क्यूआर कोड के जरिए पैसे जुटाए, लेकिन उन्हें फूटी कौड़ी भी नहीं दी गई। अंसारी ने स्पष्ट किया कि वे अपने बेटे के नाम पर किसी भी तरह का अवैध फंड इकट्ठा करने के खिलाफ हैं। इन आरोपों ने राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है, क्योंकि जामई को पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का करीबी माना जाता है। दूसरी ओर, शोएब जामई ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। उनका दावा है कि विपक्षी दलों से जुड़े लोग और पार्टी के कुछ पूर्व सदस्य एआईएमआईएम की छवि खराब करने के लिए पीड़ित परिवारों को गुमराह कर रहे हैं। जामई का कहना है कि उन्होंने अपने बैंक स्टेटमेंट और साक्ष्य जांच एजेंसियों को सौंप दिए हैं। फिलहाल, पुलिस इस पूरे वित्तीय लेनदेन और क्यूआर कोड से जुड़े बैंक खातों की जांच कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# सीएम ममता ने खुद की हत्या की आंशका जाहिर की... विपक्षी सांसदों का मिला साथ

### सांसदों ने कहा, कुछ इनपुट होगा तभी ममता ऐसा कह रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा खुद की हत्या होने की आशंका का विपक्ष के सांसदों ने समर्थन कर दिया है। विपक्षी सांसदों ने कहा कि कुछ इनपुट होगा तभी ममता ऐसा कह रही है। तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने मुद्दे पर चिंता जाहिर कर कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि ममता पहले भी कई बार राजनीतिक हिंसा से प्रभावित हो चुकी हैं, यहां तक कि वामपंथियों के खिलाफ संघर्ष के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। टीएमसी सांसद आजाद ने सवाल उठाया कि आखिर विपक्ष ममता से क्या चाहता है और क्या इस तरह के माहौल में उनकी सुरक्षा को खतरा नहीं है।



वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव कुमार राय ने ममता के बयान का समर्थन कर कहा कि उन्होंने बहुत कम कहा है। देश में ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है, जहां लोगों को यह तक तय करने की आजादी नहीं है कि वे क्या खाएं, क्या पहनें, क्या बोलें या क्या लिखें। इस तरह के बयान खुद ही मौजूदा हालात की सच्चाई बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखकर ममता के बयान को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि महाराष्ट्र में एक पूर्व उपमुख्यमंत्री के निधन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर भी सपा सांसद राय ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को लेकर बार-बार बयान दिए जाते हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनावी भाषणों तक सीमित रह गई है और वास्तविक मुद्दों पर काम करने में विफल रही है। वहीं कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने भी ममता बनर्जी का समर्थन कर कहा कि अगर उन्होंने इस तरह की बात कही है, तब हो सकता हैं उनके पास कोई इनपुट होगा।

## तमिलनाडु में बगावत की आशंका : पीएम मोदी का स्वागत करने नहीं आए भाजपा के अन्नामलाई?

चैन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु की राजनीति में चुनावी सरगर्मी के बीच रविवार को एक बेहद दिलचस्प और चर्चाओं से भरी तस्वीर सामने आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान जब दोपहर करीब 1:30 बजे कोयंबटूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ, तो वहां उनके स्वागत के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के कई दिग्गज नेता मौजूद थे। हालांकि, इस औपचारिक स्वागत समारोह में प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की गैरमौजूदगी ने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, स्वागत करने वाले नेताओं की सूची में अन्नामलाई का नाम प्रमुखता से शामिल था, लेकिन उनके एयरपोर्ट न पहुंचने से गुटबाजी और अंदरूनी खींचतान की अटकलें तेज हो गई हैं। इस घटनाक्रम पर स्पष्टीकरण देते हुए भाजपा नेता वनाथी श्रीनिवासन ने मीडिया से कहा कि अन्नामलाई का नाम निर्धारित सूची में था, लेकिन वे किन कारणों से नहीं आ सके, इसकी जानकारी उनसे ली जाएगी। उन्होंने पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाजी से इनकार करते हुए जोर दिया कि सभी नेता एकजुट हैं और उम्मीदवारों के चयन का अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व ही करेगा। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने वालों में नैनार नागेंद्रन, एल मुरुगन और वनाथी श्रीनिवासन के साथ सहयोगी दल एआईएडीएमके के नेता एस.पी. वेलुमणि भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री यहां से हेलीकॉप्टर के जरिए चुनावी प्रचार के लिए केरल रवाना हो गए।

## ईरान में एयर स्ट्राइक से फैल रहा जहरीला धुआं, ब्लैक रेन हो सकती है खतरनाक : संजय राउत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में सोमवार को मध्य पूर्व में चल रहे ईरान-इजरायल युद्ध का मुद्दा उठाकर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने इसके गंभीर वैश्विक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य प्रभावों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब एक महीने से अधिक समय से जारी है और इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं।



शिवसेना यूबीटी नेता राउत के अनुसार, इस युद्ध के कारण ईंधन और एलपीजी जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे वैश्विक स्तर पर संकट गहराता जा रहा है। हालांकि उन्होंने विशेष रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरों को अधिक गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि ईरान की राजधानी तेहरान और आसपास के क्षेत्रों में एयर स्ट्राइक के कारण ऑयल रिफाइनरी और गैस भंडारों में भीषण आग लगी है, जिससे भारी मात्रा में जहरीला धुआं वातावरण में फैल गया है। इस धुएं में सल्फर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य खतरनाक रसायन शामिल हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। शिवसेना यूबीटी नेता राउत ने बताया कि वहां के लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने 'ब्लैक रेन' यानी काली बारिश की घटनाओं का भी उल्लेख किया, जिसमें विषैले तत्व शामिल होते हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनियों का हवाला देकर कहा कि यह स्थिति गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रदूषण सीमाओं में बंधा नहीं रहेगा और भविष्य में भारत के पश्चिमी राज्यों—गुजरात, राजस्थान और पंजाब—पर भी असर डाल सकता है। इससे वायु गुणवत्ता खराब होने, एसिड रेन की संभावना बढ़ने, फसलों के नुकसान, मिट्टी के दूषित होने और सांस संबंधी बीमारियों व कैंसर जैसी समस्याओं के बढ़ने का खतरा है। संजय राउत ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस स्थिति का वैज्ञानिक आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाए। साथ ही पश्चिमी राज्यों में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग बढ़ाई जाए और एक प्रभावी अलर्ट सिस्टम तैयार रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस पर्यावरणीय संकट के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, ताकि युद्ध को जल्द समाप्त किया जा सके। उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि यह युद्ध अब केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि वैश्विक पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है।

## टोल टैक्स को लेकर भड़के पंजाब के किसान, भारी बारिश के चलते कर दिया चक्का जाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भारी टोल टैक्स और प्रवेश शुल्क के विरोध में सोमवार को पंजाब-हिमाचल सीमा पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। पंजाब मोर्चा के कन्वीनर गौरव राणा, कीर्ति किसान मोर्चा के प्रधान हरप्रीत सिंह भट्ठो और बीकेयू के नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। मूसलाधार बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारियों के हौसले पस्त नहीं हुए और उन्होंने घंटों तक चक्का जाम जारी रखा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पंचायत मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारी नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने टैक्स कम नहीं किया और टोल नाके नहीं हटाए, तो यह



संघर्ष और तेज होगा।

नेताओं का कहना है कि अब समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है और सरकार को जनहित में इन शुल्कों को तुरंत वापस लेना होगा। इस मुद्दे पर पंजाब सरकार से भी अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है, क्योंकि विधानसभा में भी इस मामले का अब तक कोई ठोस हल नहीं निकल सका है। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी पूरा सहयोग दिया, जिससे यातायात व्यवस्था लंबे समय तक ठप रही। जाम की सूचना मिलने पर तहसीलदार संदीप कुमार और थाना प्रभारी जतिन कपूर के नेतृत्व में प्रशासन मौके पर पहुँचा। करीब ढाई घंटे के गतिरोध के बाद प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों से मांगपत्र लिया और उनकी मांगों को उच्च स्तर तक पहुँचाने का भरोसा दिया। हालांकि जाम खोल दिया गया, लेकिन वाहनों की लंबी कतारों के कारण यातायात पूरी तरह बहाल होने में करीब चार घंटे का समय लग गया। इस बीच पठानकोट टैक्सी यूनियन के जिला प्रधान रिंकू कुमार ने ऐलान किया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो 1 अप्रैल को पठानकोट-डलहौजी और चंबा-धर्मशाला रूट को भी पूरी तरह ब्लॉक किया जाएगा। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है।

# विशाखापट्टनम श्रद्धा वाल्कर बनी मोनिका... आरोपी प्रेमी ने हत्या कर शव के टुकड़े कर कई जगह फेंकें

**-आरोपी भारतीय नौसेना में कार्यरत और पहले से शादीशुदा**

**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम से सामने आई दिल दहला देने वाली वारदात समाज में बढ़ती नृशंसता का एक और काला अध्याय है। एक नौसेना कर्मी द्वारा अपनी ही प्रेमिका की हत्या कर उसके शव के टुकड़े करने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह मामला न केवल एक जघन्य अपराध है, बल्कि रिश्तों में बढ़ते अविश्वास और डिजिटल युग के खतरों को दिखाता है।

इस मामले का मुख्य आरोपी चिंतादा रवींद्र है, जो भारतीय नौसेना में कार्यरत है और आईएनएस डेगा में तैनात है। मृतका की पहचान पोलिपल्ली मोनिका के रूप में हुई है। पुलिस जांच के अनुसार, रवींद्र शादीशुदा था, फिर भी वह मोनिका के साथ विवाहेतर संबंध में था। दोनों की पहली मुलाकात साल 2021 में एक डेटिंग एप के जरिए हुई थी। धीरे-धीरे उनकी मुलाकातें बढ़ीं और वे एक-दूसरे के करीब आ गए। आरोपी रवींद्र के अनुसार, मोनिका ने उससे कथित तौर पर 3.5 लाख रुपये उधार लिए थे। विवाद तब और बढ़ गया जब मोनिका ने रवींद्र की पत्नी को उनके संबंधों के बारे में बताने की धमकी देना शुरू किया। घटना वाले दिन, रवींद्र ने मोनिका को अपने फ्लैट पर बुलाया। वहां बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर रवींद्र ने मोनिका का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने जो किया, वह किसी डरावनी फिल्म की पटकथा जैसा है। आरोपी ने शव को ठिकाने लगाने के लिए ऑनलाइन चाकू ऑर्डर किया। शव को कई टुकड़ों में काटा और गंध से बचने के लिए उन्हें फ्रीज में छिपा दिया। वह धीरे-धीरे अंगों को अलग-अलग जगहों पर फेंकने लगा। रविवार को जब वह आदिवीवरम के सुनसान इलाके में मोनिका का सिर और हाथ जला रहा था, तब पुलिस की सक्रियता के कारण इस घिनौने कृत्य का पर्दाफाश हुआ।

यह घटना दिल्ली के कुख्यात श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड की याद दिलाती है, जहाँ आफताब नामक युवक ने श्रद्धा की हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े किए थे और उन्हें फ्रीज में रखा था। विशाखापट्टनम के इस मामले में भी फ्रीज और शव के टुकड़े करने का वही पैटर्न दिखाई देता है, जो अपराधी की ठंडे दिमाग से की गई प्लानिंग को दर्शाता है। वर्तमान में पुलिस आरोपी की निशानदेही पर शव के अन्य हिस्सों की तलाश कर रही है। यह घटना हमें सतर्क करती है कि ऑनलाइन मेल-जोल और अनैतिक संबंधों का अंजाम कितना भयावह हो सकता है। कानून की सख्ती ही इसतरह




के अपराधियों के मन में डर पैदा कर सकती है।

# मांडलगढ़ क्षेत्र में 12वीं का शानदार परिणाम, कई विद्यालयों का रिजल्ट 100 प्रतिशत

स्मार्ट हलचल|मांडलगढ़

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में मांडलगढ़ क्षेत्र के विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अधिकांश राजकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, वहीं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

**टॉपर्स ने किया शानदार प्रदर्शन**

मांडलगढ़ क्षेत्र के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बेहतरीन अंक प्राप्त करते हुए क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रमुख टॉपर्स– नीलम धाकड़ (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काछोला, बायोलॉजी) - 96.60%, प्रियंका पुरोहित (मुकनपुरिया) - 95.20%




मिताशी साहू (फलासिया, बलदरखा स्कूल) - 92.80%, राधिका माली (लाडपुरा) - 91.40%, तनिषा शर्मा (जोजवा) - 93.00%, ब्रह्मा लाल बलाई (झंझोला) - 93.00%, विकास कुमार गुर्जर (टहला) - 93.80%, अनीता बैरवा -91.20, ममता मीना (गेनोली) - 89.00%, अन्नू शर्मा (श्रीनगर) - 88.80%, तनिष्का कंवर (थलकला) - 86.80%,




**100% परिणाम देने वाले विद्यालयों की भरमार**

मांडलगढ़ क्षेत्र के कई विद्यालयों ने इस बार शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, जिनमें प्रमुख रूप से– राउमावि जोजवा, राउमावि श्रीनगर, राउमावि झंझोला, राउमावि मेहता जी का खेड़ा, राउमावि खाचरोल, जीएसएसएस धाकड़ खेड़ी, जीएसएसएस गेनोली, जीएसएसएस बारूंदनी, जीएसएसएस टहला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीकरण।

**85% से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाडपुरा सहित क्षेत्र के अन्य स्कूलों में कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया– राधिका माली - 91.40%, अंजलि मीणा - 90%, कोमल सुथार - 89.06%, सरिता - 87.20%, अर्वंतिका कंवर - 86.20%, प्रतिभा कंवर - 85.80%, लखन सुथार - 85%।

**मांडलगढ़ क्षेत्र में इस वर्ष बड़ी संख्या में बालिकाओं का चयन गार्गी पुरस्कार के लिए हुआ है–** बारूंदनी विद्यालय से 13 छात्राएं चयनित, क्षेत्र में कुल 25 बालिकाओं ने पात्रता हासिल की। कई छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए

**विद्यालयवार झलक**

मुकनपुरिया विद्यालय में 26 में से 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, राजगढ़ विद्यालय में 100% परिणाम, बीकरण विद्यालय में 19 में से 16 प्रथम श्रेणी, गेनोली में 33 में से 21 प्रथम श्रेणी।

मांडलगढ़ क्षेत्र ने इस वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। विशेष रूप से बालिकाओं की उपलब्धियां और 100% परिणाम देने वाले विद्यालय क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करते हैं।

# यामिनी को 12वीं बोर्ड में मिले 97.80%

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



कहा जाता है कि अगर इरादे फौलादी हों, तो गरीबी और अभाव कभी सफलता का रास्ता नहीं रोक सकते। इस बात को सच कर दिखाया है नंदराय की रहने वाली मेधावी छात्रा यामिनी कुमारी तेली ने। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कला वर्ग की परीक्षा में यामिनी ने 97.80% अंक हासिल कर अपनी सफलता का परचम लहराया है।

संघर्ष की नींव पर सफलता की इमारत। यामिनी के पिता, गोपाल लाल तेली, पेशे से एक मजदूर हैं। दिन-भर कड़ी धूप और मेहनत कर मजदूरी करने वाले गोपाल लाल का सपना था कि उनकी बेटी पढ़-लिखकर कुछ बड़ा बने। यामिनी ने भी अपने पिता के पसीने की हर बूंद की कीमत समझी और बिना किसी महंगी कोचिंग या सुख-सुविधाओं के, सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए यह मुकाम हासिल किया।

अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए यामिनी ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया। उनके पिता ने मजदूरी करते हुए कभी भी उनकी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी, जो उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए समस्त स्टाफ और परिजनों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बेमाली चौराहे पर दो ट्रेवल्स बसों की आमने-सामने भिड़ंत, बड़ा हादसा टला




स्मार्ट हलचल

**करेड़ा।** भीलवाड़ा जिले के करेड़ा क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है, जहां करेड़ा-आसींद मार्ग पर स्थित बेमाली चौराहे पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सूरत, वापी और बारडोली की ओर जा रही दो निजी ट्रेवल्स बसों–धनोप ट्रैवल्स और हरिओम ट्रैवल्स–के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी भी यात्री के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

घटना के तुरंत बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही करेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए यातायात को सुचारु करवाने में जुट गई।

हादसे के बाद दोनों बसों के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा उनकी पहचान और तलाश के प्रयास जारी हैं।

जानकारी के अनुसार हरिओम ट्रैवल्स आसींद से मालास, चंद्रास और बेमाली होते हुए सूरत के लिए संचालित होती है, जबकि धनोप ट्रैवल्स बेमाली, चंद्रास और बागोर मार्ग से सूरत के लिए जाती है। घटना के बाद पुलिस प्रशासन और ट्रेवल्स बुकिंग एजेंसियों ने मिलकर यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी है। फिलहाल इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# गौवंश के साथ कुकर्म की घटनाओं से हिंदू समाज और संगठनों में फैला आक्रोश, प्रशासन को अल्टीमेटम कार्यवाही नही हुई तो होगा उग्र आंदोलन

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में गौवंश के साथ कुकर्म जैसी घटनाएं सामने आने के बाद गौभक्तो, हिंदू समाज और हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है इसे लेकर हिंदू समाज और विश्व हिंदू परिषद ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की । साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर



पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन सौपा । हिंदू समाज ने प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है अगर आरोपियों पर जल्द ही कार्यवाही नही हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा । गौवंश के साथ कुक्रत्य की अब तक दो घटनाएं सामने आ चुकी है फिर भी आरोपियों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे हिंदू समाज में नाराजगी साफ देखी जा रही है । पहली घटना 7 मार्च की रात को धानमंडी क्षेत्र से सामने आई थी जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था वही इसके बाद सब्जी मंडी क्षेत्र से गौवंश के साथ कुक्रत्य की घटना देखने को मिली थी जिसका भी एक वीडियो सामने आया था दो घटनाएं होने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा दोषियों को नही पकड़ा गया है जिससे हिंदू समय में भारी रोष है।

# लुहारिया विद्यालय का 12 वीं (कला) परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत



स्मार्ट हलचल

**लुहारिया।** मांडल उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय -लुहारिया का 12 वीं (कला) का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय स्टाफ से वरिष्ठ अध्यापक राधेश्याम डाकौत ने बताया कि आज घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय स्टाफ साथी व बच्चों की मेहनत से परीक्षा परिणाम बहुत ही अच्छा रहा है।12 वीं के 19 विद्यार्थियों में से 15 ने प्रथम स्थान व 04 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।02 बालिकाओं ने गार्गी पुरस्कार के अंक प्राप्त किए हैं - (पिंका गाडरी =91.40, माया गाडरी =90. 40), जगदीश बैरवा=91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ ही इतिहास में 100 में से 100 अंक प्राप्त किया है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नारायण लाल सेन ने सभी स्टाफ साथियों को बधाई व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना। ग्रामीणों ने विद्यालय में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के बावजूद श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की।

# बडलियास थाना पुलिस का लगातार अभियानः अवैध बजरी खनन पर वार, कुछ समय में 25 प्रकरण दर्ज, 51 वाहन जब्त

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** भीलवाड़ा जिले के बडलियास थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना अधिकारी मुन्नी राम चोयल के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम के साथ संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान के तहत पिछले कुछ समय में प्रभावी परिणाम सामने आए हैं।इस दौरान पुलिस ने कुल 25 प्रकरण दर्ज किए, वहीं 51 वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में 31 ट्रैक्टर, 9 डम्पर, 4 ट्रेलर और 7 जेसीबी मशीनें शामिल हैं। यह कार्रवाई अवैध खनन गतिविधियों में



संलिप्त लोगों के खिलाफ एक बड़ा संदेश मानी जा रही है। थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध बजरी खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा टीमों द्वारा क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिह यादव के निर्देश के बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके साथ ही थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुराने प्रकरणों के निस्तारण, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश और विभिन्न वारदातों के खुलासे में भी पुलिस को सफलता मिली है, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगेगी और आमजन को राहत मिलेगी।पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती रहेगी।

# रेखा परिहार बनीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा में हमीरगढ़ नगर पालिका की निवर्तमान अध्यक्ष रेखा जी परिहार को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नगर पालिका क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही यह सूचना कार्यकर्ताओं को मिली, उन्होंने उत्साहपूर्वक आतिशबाजी कर जश्न मनाया और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।कार्यकर्ताओं ने रेखा परिहार को शुभकामनाएं देते हुए इसे हमीरगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि रेखा परिहार एक कर्मठ,समर्पित और सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता रही हैं,जिन्हें उनके संगठनात्मक कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतिफल मिला है।कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन जी राठौड़ का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने हमीरगढ़ जैसे छोटे क्षेत्र की महिला कार्यकर्ता को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।उन्होंने विश्वास जताया कि रेखा परिहार अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगी। इस अवसर पर जगदीश वैष्णव, मनोज छिपा, अभिषेक व्यास, गणपत सिंह, भेरूलाल प्रजापत, चेतन सिंह, किशन सिंह, कैलाश सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राउमावि टहला में विकास कुमार गुर्जर कला वर्ग में 93.80%प्रतिशत

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टहला में कक्षा 12 में बोर्ड परीक्षा कला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 16 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। जिसमें कक्षा 12 का छात्र विकास कुमार गुर्जर ने 93.80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान मोनिका दरोगा 80.80% तथा तृतीय स्थान कविता कुमारी गुर्जर 76.00% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से क्षेत्र में खुशी की लहर है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया। मीडिया प्रभारी श्री सूरज मल बैरवा व.अ. सामाजिक विज्ञान के अनुसार कक्षा 12 में कुल 16 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें से 8 प्रथम श्रेणी से, 7 द्वितीय श्रेणी से, 1 तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रधानाचार्य श्री पूर्ण मल बड़ोदिया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी साथ ही इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए समस्त स्टाफ, अभिभावकों , ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, यह परिणाम अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा। विकास कुमार गुर्जर ने अपनी सफलता का श्रेय माता सायरी देवी और पिता संपत गुर्जर को दिया है। विद्यालय की स्टूडेंट हैं और अपने अच्छे रिजल्ट से स्कूल और परिवार का नाम बढ़ाया है।

# बनेड़ा सीएचसी में चिकित्सकों के पद भरने और क्रमोन्नत करने की मांग

स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पडे चिकित्सकों के पदो को भरवाने के साथ ही सीएचसी को क्रमोन्नत करवाने की मांग को लेकर के अखिल भारतीय मजदूर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष इब्राहिम पठान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास को सोपे अपने ज्ञापन में बताया कि उपखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठ चिकित्सकों के पद सृजित होने के बाद भी काफी समय से केवल मात्र 3 डॉक्टर तैनात हैं, जिससे मरीजों को लंबी प्रतीक्षा और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही विशेषज्ञों का अभावः हमारे यहाँ स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, और फिजिशियन न होने के कारण आपातकालीन और प्रसूति मामलों में मरीजों को जिला मुख्यालय रेफर किया जा रहा है। डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को समय पर सही उपचार नहीं मिल पा रहा है, जो कई मामलों में जानलेवा साबित हो रहा है।

सीएचसी में स्वीकृत सभी खाली पदों पर तत्काल नई नियुक्तियां (विशेषकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की) की जाएं।जब तक नियमित डॉक्टर नहीं आते, तब तक संविदा के आधार पर डॉक्टरों की व्यवस्था की जाए।

चिकित्सालय में आईसीयू रूम बनवाया जाये। 4माहसे बंद पड़ी एक्सरे मशीन को तत्काल प्रभाव से चालू कर आम जनता को राहत प्रदान कि जाये ।

अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिससे क्षेत्र की ग्रामीण जनता को समय पर इलाज मिल सके। इस दौरान चन्द्र प्रकाश सेन बाबूलाल मागी लाल गोपाल लाल कल्याण सिंह सुभाष पोरवाल सत्यनारायण बारी नंदराम रामस्वरूप सहित अन्य जने उपस्थित थे।

# ओसवाल समाज ने मनाया प्रभु महावीर का जन्मोत्सव

## पचरंगी ध्वजा लहराते लगाए जयकारे तो गूंज उठा कोटड़ी कस्बा

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मुख्यालय पर जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक ओसवाल जैन समाज की ओर से अनेक कार्यक्रमो के साथ मनाया गया। ओसवाल समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढा व मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि कोटडी में सुबह प्रभु श्री महावीर स्वामी का जुलूस सदर बाजार स्थित आदिनाथ मन्दिर से



प्रारम्भ हो कर कस्बे के मुख्य मार्ग से गुजरा तो लम्बी कतार व हाथो में पचरंगी ध्वजा लहराते जयकारो से कोटड़ी कस्बा गूंज उठा। शोभायात्रा में महिलाएं एक जैसी लाल चुंदड़ी व पुरुष सफेद कुर्ते में निकले। प्रभु के कार्यक्रम में एकता का परिचायक कोटड़ी जैन समाज एक जुट नजर आया। दिगम्बर समाज के अध्यक्ष नेमी चन्द पाटोदी के सानिध्य में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष भी शोभायात्रा में शरीक हुए। वही शाम को शीतल भवन में सामूहिक जाप व भक्तो द्वारा भक्ति कार्यक्रम मे भगवान महावीर स्वामी पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित हुए।

# स्कूल के पोषाहार में घोटाले का फरार आरोपी धराया, रिमांड पर

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



साल 2024 में शाहपुरा थाने में ब्लॉक की स्कूलों में वितरित करने वाले पोषाहार में गबन करने का मामला दर्ज हुआ था और गबन करने वाले मुख्य ठेकेदार को शाहपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । इस संबंध में शाहपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति के व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया था आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसपी धर्मेंद्र सिंह, एएसपी राजेश आर्य, पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई और थाना अधिकारी सुरेश चंद्र के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई जिसका नेतृत्व एएसआई बालकिशन शर्मा ने किया । मामला दर्ज होने के बाद से ही मुख्य आरोपी ठेकेदार बनवारी लाल पुत्र नाथू जाट निवासी इटावा किशनगढ़ तहसील रेनवाल जिला जयपुर फरार चल रहा था । इस गबन के मामले में उसके साथ कुछ विभागीय अधिकारियों के शामिल होने की शिकायत भी प्रार्थी ने दी थी। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023- 24 में ब्लॉक के 277 विद्यालय के लिए 1348 क्विंटल गेहूं और 629 क्विंटल चावल का पोषाहार आवंटित हुआ था जिन्हे इन विद्यालयों में वितरित करना था लेकिन आरोपी ठेकेदार बनवारी लाल ने कुछ अधिकारियों के सतह मिलकर पोषाहार वितरित नही कर घोटाला कर दिया और खुद ही पोषाहार हड़प गया । मामले की जांच शुरू हुई और आरोपी को गिरफ्तार कर 2 अप्रैल तक रिमांड पर भेजा गया । पुलिस ने शंका जताई है की ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों ने उक्त पोषाहार को व्यापारियों को कम दामों में बेच दिया । पुलिस ने मुख्य आरोपी ठेकेदार से गहन पूछताछ शुरू कर दी है जिससे मामले में बड़ा खुलासा हो सके ।

# गंगापुर/भीलवाड़ा के दो खिलाड़ियों का ऑल इंडिया टूर्नामेंट में चयन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



जिले के गंगापुर क्षेत्र सहित पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है कि क्षेत्र के दो प्रतिभाशाली छात्र बादल माली एवं सूरज चौधरी, जो वर्तमान में युवान यूनिवर्सिटी आफ लखनऊ में अध्ययनरत हैं, का ऑल इंडिया स्तर के टूर्नामेंट में चयन हुआ है।

बादल माली का चयन विशेष रूप से रग्बी प्रतियोगिता में हुआ है, जो उनके कठोर परिश्रम, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। वहीं सूरज चौधरी ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और निरंतर अभ्यास के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है।

रग्बी जैसे चुनौतीपूर्ण खेल सहित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में चयन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। इन दोनों खिलाड़ियों की सफलता से गंगापुर एवं भीलवाड़ा जिले में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों एवं साथियों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही आशा व्यक्त की गई है कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम, बिजोलिया के संस्कार भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने उपखंड स्तर पर किया टॉप

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज घोषित हुआ। जिसमें स्थानीय संस्कार भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं सभी संकायों में प्रथम स्थान अर्जित कर ऊपरमाल क्षेत्र में अव्वल रही।

संस्कार भारती सी सै स्कूल की निर्देशक आदर्श सोनी ने बताया कि स्कूल का यह परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रहा क्योंकि सभी संकायों में संस्कार भारती की छात्राएं क्षेत्र में अव्वल रही।

उन्होंने बताया कि कला संकाय में खुशी माली ने 97.00% अंक प्राप्त किए जबकि विज्ञान



(कृषि विज्ञान) संकाय में एंजेला खान ने 94. 40% अंक तथा कॉमर्स संकाय में गुफिरा लाहु ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जो क्षेत्र में सर्वाधिक प्रतिशत है।ये तीनों छात्राएं इस वर्ष बिजोलिया उपखंड में अव्वल रही। इस परीक्षा परिणाम के बाद कस्बे के लोगों ने ने निदेशक आदर्श सोनी और विद्यालय स्टाफ को बधाई दी, निदेशक आदर्श सोनी ने बताया कि इस परिणाम का श्रेय बालिकाओं की अथक प्रयास और मेहनत का नतीजा है, अभिभावक वर्ग का विश्वास है तथा स्कूल स्टाफ का उचित मार्गदर्शन भी सराहनीय रहा है ।

उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं उनके परिजनों, स्कूल के स्टाफ तथा शुभचिंतकों को बधाई दी।

# कर्ज, मजदूरी और संघर्ष के बीच चमकी सफलताः किसान पुत्र गौरव बैरवा ने 12वीं में 96.20% अंक हासिल कर रचा इतिहास

स्मार्ट हलचल

**खामोर।** संघर्ष जब संकल्प बन जाए और मेहनत जब लक्ष्य से जुड़ जाए, तब सफलता इतिहास रचती है। खामोर गांव के साधारण किसान परिवार से आने वाले होनहार छात्र गौरव बैरवा ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि परि-स्थतियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मजबूत इरादों के आगे हार मान लेती हैं।

प्रिंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्यामपुरा धोद, सीकर के छात्र गौरव बैरवा,किसान जेठू लाल बैरवा एवं माता सीमा देवी के पुत्र हैं। दोनों माता-पिता स्वयं अनपढ़ हैं, लेकिन उन्होंने शिक्षा को ही बेटे का भविष्य बनाने का सपना देखा। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कभी पढ़ाई रुकने नहीं दी।

### 300 रुपये मजदूरी और कर्ज के सहारे चलती रही पढ़ाई

परिवार की आजीविका मजदूरी पर निर्भर है। माता-पिता दिन-रात मेहनत कर करीब 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी से घर और बेटे की पढ़ाई का खर्च उठाते रहे। कई बार आर्थिक संकट इतना बढ़ा कि बेटे की पढ़ाई जारी रखने के लिए कर्ज तक लेना पड़ा, लेकिन माता-पिता का विश्वास नहीं टूटा।

पिता जेठू लाल बैरवा ने भावुक होकर कहा हम भले पढ़े-लिखे नहीं



हैं, लेकिन बेटे को पढ़ाकर सफल इंसान बनाना है। जरूरत पड़ी तो जमीन और घर भी बेच देंगे, पर पढ़ाई नहीं रुकने देंगे। '

पिता के इसी अटूट विश्वास और माता के त्याग ने गौरव को लगातार मेहनत करने की प्रेरणा दी।

### सफलता के बाद भी नहीं रुका जुनून

96.20 प्रतिशत अंक हासिल करने के बावजूद गौरव खुद को पूरी तरह संतुष्ट नहीं मानता। अंग्रेजी विषय में 90 अंक आने पर उसने कहा कि परीक्षा और बेहतर हुई थी, इसलिए वह उत्तर पुस्तिका की रिचेकिंग करवाएगा। उसका मानना है कि मेहनत का पूरा परिणाम मिलना चाहिए।

### अब आईआईटी या आईएएस बनने का बड़ा सपना

गौरव ने वर्तमान में आईआईटी प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म भर रखा है। यदि आईआईटी में चयन होता है तो वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। वहीं यदि अपेक्षित सफलता नहीं मिलती है तो उसका लक्ष्य आईएएस बनकर देश सेवा करना है। गांव के साधारण परिवार से निकलकर बड़े सपने देखने वाला गौरव आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

### परिवार और गांव में खुशी की लहर

गौरव की सफलता पर बड़े पिता घनश्याम बैरवा (अंबेडकर विचार मंच अध्यक्ष, खामोर) सहित परिवार के सदस्य राजकुमार बैरवा (बड़ा भाई), तारा बैरवा, किस्मत बैरवा (बहन) एवं राकेश (छोटा भाई) ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

गांव में गौरव की उपलब्धि को लेकर गर्व और उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सफलता केवल एक छात्र की नहीं बल्कि माता-पिता के त्याग, मेहनत और शिक्षा के प्रति विश्वास की जीत है।

# सरकारी विद्यालय का ताला तोड़कर दो भरे हुए गैस सिलेंडर चुराए

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के बिजौलिया क्षेत्र में गोपालपुरा सरकारी विद्यालय में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया । विद्यालय में रविवार और सोमवार को अवकाश था इस बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर वारदात को कारीत की । चोरी का पता तब चला जब शिक्षक विद्यालय में सोमवार रात किसी काम से पहुंचे तो रसोई घर का और एक अन्य कमरे का ताला टूटा मिला । रसोई घर से दो भरे हुए सिलेंडर गायब थे वही दो खाली सिलेंडर चोर वही छोड़ गए । चोरों ने ताला तोड़ने के लिए सरिए का इस्तेमाल किया था जो भी वही पड़ा मिला । वही दूसरे कमरे से चोरों के कुछ हाथ नहीं लगा । विद्यालय के संस्था प्रधान कमलेश कुमार ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई



है । पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है । गौरतलब है की वर्तमान समय में गैस सिलेंडर के लिए काफी मारामारी चल रही है और इस बीच चोर विद्यालय से दो भरे गैस सिलेंडर लेकर रफूचक्कर हो गए शायद वह भी भरे हुए गैस सिलेंडर चुराने ही स्कूल में आए थे । प्रधानाचार्य ने बताया की नया सत्र शुरू होने वाला है और मिड डे मिल के लिए दो दो सिलेंडर भरवाकर रखे थे जिन पर चोर हाथ साफ कर गए।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब चुनाव परिणाम

# मुकेश मीणा अध्यक्ष, राजकुमार जकड़ी महासचिव-नई टीम के हाथों में कमान

स्मार्ट हलचल

**जयपुर/टोंक।** पिंक सिटी प्रेस क्लब लिमिटेड की प्रबंध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव 2026-27 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।चुनाव में पत्रकारों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नई टीम को स्पष्ट जनादेश दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि अध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार मीणा ने 369 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को कड़े मुकाबले में हराकर यह पद हासिल किया। पत्रकार मुकेश मीणा पूर्व में भी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं महासचिव पद पर राजकुमार शर्मा 'जकड़ी' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 430 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की, जिससे उनकी पकड़



संगठन में मजबूत मानी जा रही है।कोषाध्यक्ष पद पर नमोनारायण अवस्थी ने 447 वोट हासिल कर स्पष्ट बढ़त के साथ जीत दर्ज की और वित्तीय जिम्मेदारी संभालेंगे। उपाध्यक्ष के दो पदों पर डॉ. मोनिका शर्मा (416 वोट) और पुष्पेंद्र सिंह राजावत (399 वोट) निर्वाचित हुए हैं।चुनाव परिणाम सामने आने के बाद प्रेस क्लब में उत्साह का माहौल देखा गया। विजयी घोषित पत्रकार प्रत्याशियों के समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए नई टीम से पत्रकार हितों की मजबूती और संगठन को नई दिशा देने की उम्मीद जताई।

# ब्यावर में चांग गेट पर आप पदाधिकारियों का स्वागतः संगठन को मजबूत करने, जनहित के मुद्दों पर काम करने का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर में मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने चांग गेट स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर एक स्वागत समारोह आयोजित किया। इसमें राजस्थान चीता मेहरात काठात करणा जी के डांग से नवनियुक्त अध्यक्ष रोशन काठात, सचिव रसूल काठात और प्रचार मंत्री बहादुर काठात का अभिनंदन किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

टम सतयर गार जिला अध्यक्ष शौकीन काळान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित के कार्यो से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी




हमेशा आम जनता की मूलभूत सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करती है और भविष्य में भी इसी दिशा में काम करती रहेगी।

### जनहित के मुद्दों पर काम करने का आश्वासन

नव नियुक्त अध्यक्ष काठात ने कहा कि वे अगले 3 साल तक निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने और समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया। काठात ने संगठन को मजबूत करने, युवाओं को रोजगार दिलाने और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से काम करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इसके अलावा श्री महावीर जयंती शोभायात्रा के दौरान ब्यावर के बाजार क्षेत्र में पार्टी द्वारा एक जन सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शौकीन काठात, एचएसी विंग जिलाध्यक्ष नारायण हटवाल, उपाध्यक्ष राजू सिंह रावत, सियाराम सिंगारिया, धीरज जैन, लीलाधर दाधीच, मुराद काठात, आदम काठात, सजन काठात, सूरज सिंह, सचिव रवि, प्रचार मंत्री कन्हैयालाल खत्री, धर्मीचंद, पारस श्रीमाल, इस्लाम काठात, सद्दाम काठात, राजू काठात, पप्पू काठात और मस्तान काठात सहित कई कार्यकर्ता उप-स्थत थे।

# बनेड़ा में जिम्मेदारों की लापरवाही, गांव में फैली गंदगी



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

बनेड़ा नगर पालिका क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण पूरे गांव में कचरा फैल रहा है शहर के बीचो-बीच चौखी बावडी चौराहे पर इतनी गंदगी फैली है कि आना जाना मुश्किल हो रहा है नालिया लबालब भरी हुई है सफाई कर्मी कचरे को केवल इकट्ठा करते हैं उठाते नहीं है हवा से सारा कचरा इधर-उधर पूरे मार्केट में फैल जाता है जिस कारण से मक्खी मच्छर पनप रहे हैं और गांव में बीमारी का प्रकोप फैल रहा है।

# राउमावि रेवाड़ा का कक्षा 12वीं परिणाम शत-प्रतिशत

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेवाड़ा का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट एवं गौरवपूर्ण रहा। विद्यालय का कुल परिणाम 100 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय की मेधावी छात्रा पायल भट्ट पुत्री श्री सत्यनारायण भट्ट ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने इतिहास, भूगोल एवं हिंदी साहित्य में 100 में 100 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया। पायल ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों एवं



शिक्षकों को दिया।

इसी क्रम में अंजलि भट्ट पुत्री कैलाश चंद्र भट्ट ने 91.80 प्रतिशत तथा हीना भट्ट पुत्री नरेश भट्ट ने 90.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय परिवार ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

# सिपाही बनकर आए थे, सिपाही बनकर ही विदा हुए, डीजीपी ने बढ़ाया मान





स्मार्ट हलचल | जयपुर

पुलिस मुख्यालय में एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब दो कांस्टेबल अपनी पूरी सेवा एक ही पद पर समर्पित कर सेवानिवृत्त हुए, तो स्वयं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने संवेदनशीलता की नई मिसाल पेश करते हुए अवकाश के बावजूद उन्हें अपने कक्ष में आमंत्रित कर सम्मानित किया। पुलिस सेवा में समर्पण और निष्ठा का एक भावुक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब जयपुर आयुक्तालय में तैनात नन्दकिशोर मीणा कांस्टेबल 4874 और कैलाश चन्द कांस्टेबल 5132 की सेवानिवृत्ति पर डीजीपी श्री शर्मा ने दोनों जवानों की कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए उन्हें विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डीजीपी के इस कदम की महकमे में काफी सराहना हो रही है। अधीनस्थ कर्मचारियों का कहना है कि मुखिया द्वारा दिया गया यह सम्मान न केवल इन दोनों के लिए यादगार है, बल्कि पूरी फोर्स के मनोबल को बढ़ाने वाला है। इस अवसर पर डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप सहित मुख्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

# महावीर जन्म कल्याणक पर निकले भव्य जुलूस का कांग्रेसजनों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से चित्तौड़ी दरवाजा क्षेत्र में हुआ आत्मीय अभिनंदन

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर सकल जैन श्रीसंघ द्वारा नगर में निकाले गए भव्य चल समारोह का मंगलवार सुबह कांग्रेसजनों द्वारा हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ स्वागत किया गया। राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से चित्तौड़ी दरवाजा स्थित पुराने हॉस्पिटल के समीप प्रातः 10:00 बजे कांग्रेसजनों द्वारा जुलूस पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को लेकर नगर में उत्सवी माहौल बना रहा। चल समारोह में आकर्षक रथ में विराजित भगवान महावीर की तस्वीर पर कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा मोतियों



की माला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पत लाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल ने संयुक्त रूप से भगवान महावीर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए उनके अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देते हुए जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वातावरण 'भगवान महावीर स्वामी की जय' के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया।

इस अवसर पर क्रेता व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल आंजना, जिला क्रीड़ा परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख, नगर सेवादल मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष मुकेश माली, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल,कांग्रेस मंडल अध्यक्ष आजाद बापू, नगर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अशोक जैन, प्रवक्ता रवि जाजपुरा, आईटी सेल संयोजक मोहम्मद अली मंसूरी, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष चांदमल विरानी, मुकेश मेघवाल, शमशू कमर मंसूरी, महासचिव ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, शांतिलाल लाडना, बिहारीलाल सोलंकी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज शर्मा एवं अजीत जैन, बाबू खान मेव, पुखराज पालेचा, मांगीलाल बामणिया, श्रवण आंजना, कमलेश मीणा, आशुतोष टांक, गोविंद सिंधी, लक्ष्मणदास, किशन वैष्णव,बंशीलाल कुमावत तथा कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# कॉन्स्टेबल गोपेश पदोन्नत होकर बने हैड कांस्टेबल

स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला थाना में कॉन्स्टेबल से हेड कॉन्स्टेबल के पद पर पदोन्नत होने वाले कॉन्स्टेबल गोपेश कुमार को पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया वही कोटडी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया ने पदोन्नत पुलिस कर्मी गोपेश कुमार के कंधे पर नई फिट बेज लगाकर पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की।इस दौरान थाना प्रभारी सीआई माली राम चौधरी ने कहा कि पदोन्नत पुलिस कर्मियों के लिए गर्व का क्षण होता है और उनके लंबे सेवा काल व



मेहनत को सम्मान देने का तरीका है।इस दौरान काछोला थाना स्टाफ उपस्तिथ थे। पदोन्नत गोपेश कुमार कुमार ने बताया कि कॉन्स्टेबल पद पर लगभग 13 साल तक नियमित सेवा पश्चात मुझे दीवान पद पर पदोन्नति हुई है।

# महेश स्कूल के विद्यार्थियों ने कला संकाय में जिले के टॉप तृतीय सूची में बनाया स्थान

## किया नया कीर्तिमान स्थापित, विज्ञान, वाणिज्य व कृषि संकाय में भी रहा उत्कृष्ट परिणाम, रचा इतिहास

## हासिल की उल्लेखनीय सफलता, मेहनत और लगन से हासिल की सफलता, विद्यालय में खुशी का माहौल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित श्री महेश शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भीलवाड़ा ने वर्ष 2026 परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओम नराणीवाल, व सचिव राजेन्द्र कुमार कचोलिया ने बताया की महेश स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जिले की टॉप तृतीय सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से स्कूल परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई है। साथ ही विद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, छात्रों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल में जश्न का माहौल बन




गया और शिक्षकों तथा अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में भी अपना स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियतम वर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, और यह परिणाम उसी दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह सफलता संभव हो पाई। वर्मा ने बताया कि विद्यालय के टॉपर्स में हरिओम माली (97. 60 प्रतिशत), हर्षित नयाती (94. 20 प्रतिशत), हिमांशु भोजवानी (93.80 प्रतिशत), मानसुख शर्मा (92.20 प्रतिशत) एवं तविशा मीना (91.00 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 5, 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 12, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 21 रहे। वर्गवार परिणामों में विज्ञान वर्ग 49 विद्यार्थियों में से 38 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण, वाणिज्य वर्ग 31 विद्यार्थियों में से 10 प्रथम श्रेणी एवं 20 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कृषि वर्ग 27 विद्यार्थियों में से 18 प्रथम श्रेणी एवं 8 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा कला वर्ग 68 विद्यार्थियों में से 34 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वर्गवार टॉपर्स कला वर्ग में हरिओम माली 97.60 प्रतिशत (प्रथम) शबाना खान 89.60 प्रतिशत (द्वितीय) दिव्या शर्मा 87.80 प्रतिशत (तृतीय), विज्ञान वर्ग में हर्षित न्याती 94.20 प्रतिशत (प्रथम) हिमांशु भोजवानी 93.80 प्रतिशत (द्वितीय) मानसुख शर्मा 92.20 प्रतिशत (तृतीय) कृषि वर्ग में तविशा मीना 91.00 प्रतिशत (प्रथम) अंकिता पुरावत 87.60 प्रतिशत (द्वितीय) भूमिका मुन्द्रडा 87.40 प्रतिशत (तृतीय) वाणिज्य वर्ग में सौर्य मीना 80.60 प्रतिशत (प्रथम) वैभव कुमार तम्बोली 79.80 प्रतिशत (द्वितीय) पार्थ डाड 75.00 प्रतिशत (तृतीय) स्थान पर रहे। इस दौरान श्री महेश शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भीलवाड़ा में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओम नराणीवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया, सचिव राजेन्द्र कुमार कचोलिया, समिति निदेशक सुरेश चन्द्र काबरा, दिलीप तोषणीवाल सहित समाजसेवी प्रहलाद राय तोतला ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मानित किया। और सभी को मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियतम वर्मा के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्बोधन के साथ हुआ, जिसमें वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से महेश स्कूल ने एक बार फिर जिले में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है।

# सेवानिवृत्ति पर विद्यालय विकास के लिए की 93 हजार रुपए की घोषणा

स्मार्ट हलचल | गुंदली

मेवाड़ की शाश्वत परंपरा रही है और यहाँ विद्यालय के विकास में भामाशाहों का विशेष योगदान रहा है ।गुंदली विद्यालय के प्रधानाचार्य नेमीचंद खारीवाल ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसडा के प्रधानाध्यापक रामचंद्र रैगर ने पीईईओ प्रतिनिधि कमल कुमार नाहर और महेश मंडोवरा की प्रेरणा से अपनी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय विकास हेतु पीईईओ गुंदली स्कूल के लिए इक्यावन हजार रुपए, बांसडा स्कूल के लिए इक्कीस हजार रुपए,और सालमपुरा स्कूल के लिए इक्कीस हजार रुपए समेत कुल तिरानबे हजार रुपए की घोषणा कर के एक नई मिसाल कायम की है ।ग्राम पांसल निवासी रामचंद्र रेगर ने बताया कि मेरा पूरा जीवन शिक्षा विभाग के नाम रहा है शिक्षा विभाग की अड़तीस वर्षों की सेवा के आगे



मेरा ये दान कुछ भी नहीं है,विद्यालयों का चहुंमुखी विकास भामाशाहों के प्रयासों से ही संभव है।भामाशाह रेगर ने विशेषकर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के लिए एक मिसाल प्रस्तुत की है । इस अवसर पर पीईईओ गुंदली की ओर से लादूराम दाधीच, मुरलीधर अहीर, सत्यनारायण खटीक, संजीव मेहता, सुशीला बघेरवाल, रामेश्वर धोबी समेत सभी स्टाफजनों ने रेगर को सफल सेवानिवृत्ति एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# मांडलगढ़ में मनाई महावीर जयंती, पालकी में निकली शोभायात्रा

**विधायक गोपाल खंडेलवाल और पालिका अध्यक्ष सहित कई गणमान्य रहे मौजूद; 'शांति और अहिंसा' के संदेश के साथ जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा**

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

नगर में मंगलवार को वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की जयंती अपार श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा शांति, अहिंसा और सद्भावना का संदेश देते हुए नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया।





### विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक:

महावीर जयंती के पावन अवसर पर पुरानी आबादी गांधी चौक स्थित बड़े जैन मंदिर में प्रातःकाल से ही धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया। समाजजनों ने भगवान महावीर की प्रतिमा का विधि-विधान से अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की और धर्म लाभ अर्जित किया।

आकर्षक पालकी में नगर भ्रमणः जयंती के उपलक्ष्य में भगवान महावीर को एक बेहद आकर्षक पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। यह विशाल शोभायात्रा सदर बाजार, पुरानी आबादी गांधी चौक से प्रारंभ होकर पुराने बस स्टैंड मार्ग और माणिक्य सर्किल होते हुए पुनः पुरानी आबादी गांधी चौक स्थित जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में समाज के महिला-पुरुष और युवा भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थितिः

इस भव्य शोभायात्रा और धार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी और नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर उपस्थित रहे। इनके अलावा जैन समाज और आयोजन समिति से अनिता सुराणा, मनोज आंचलिया, समुद्र सिंह लढ़ा, राकेश ओस्तवाल, मुकेश व्यास, महावीर लढ़ा और निर्मल भंडारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# भगवान महावीर की शोभायात्रा का कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्वागत किया

**भगवान महावीर के आदर्श आज भी समाज को शान्ति प्रेम और आपसी सद्भाव की प्रेरणा प्रदान करते हैः जाड़ावत**



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** श्री महावीर जन्म के कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के तत्वाधान में सूचना केंद्र के बाहर कांग्रेस पदाधिकारीयो ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर सत्य अहिंसा करुणा और आत्म संयम का संदेश देकर समस्त मानवता को धर्म और सदाचार का मार्ग दिखाया उनके आदर्श आज भी समाज को शान्ति प्रेम और आपसी सद्भाव की प्रेरणा प्रदान करते है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, उप सभापति कैलाश पंवार, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह राठौड़, शहर संगठन महामंत्री महेश काकानी, जिला महामंत्री कमल गुर्जर, जिला प्रवक्ता राजेश सोनी, शहर महामंत्री शंभुलाल प्रजापत, पार्षद टिंकू धामानी, अनिल भड़कत्या, गजानंद शर्मा, शैलेंद्र सिंह शक्तावत, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश घारू, जिला सचिव नरेंद्र विजयवर्गीय, गिरिवर सिंह, अमित लड्डा, शिवरतन सोनी, नारायण धाकड़, अजय अजमेरा, सुनील जाट, ओबीसी प्रकोष्ठ सोशल मीडिया प्रभारी गौरव मेडतवाल, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला सचिव तेजपाल कुमावत, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला सचिव रमेश प्रजापत, राहुल धूमस, नारायण नाथ सहित अन्य बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**भीलवाड़ा दुग्ध संघ की नई पहल**

# अब 6 किलो दही व 6 लीटर छाछ पॉली पैक में उपलब्ध



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सामाजिक, धार्मिक आयोजनों, शादियों और त्योहारों में डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए भीलवाड़ा दुग्ध संघ ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने की तैयारी की है। संघ द्वारा जल्द ही दही और छाछ के बड़े पैक बाजार में उतारे जाएंगे, जिससे थोक उपभोक्ताओं को विशेष सुविधा मिलेगी।

दुग्ध संघ के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया कि उपभोक्ताओं की बल्क मांग की आपूर्ति और आसान परिवहन को ध्यान में रखते हुए 6 किलो दही पॉली पैक एवं 6 लीटर प्लेन छाछ पॉली पैक को आकर्षक व रियायती दरों पर बाजार में विक्रय के लिए शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बड़े पैक साइज के माध्यम से उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर पर्याप्त मात्रा में उत्पाद उपलब्ध हो सकेगा, जिससे बार-बार खरीद की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय व श्रम दोनों की बचत होगी।

### थोक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभः-

यह पहल विशेष रूप से शादी समारोह, भंडारे, धार्मिक आयोजनों एवं बड़े पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी साबित होगी, जहां दही और छाछ की खपत अधिक होती है।

### जल्द घोषित होंगी दरें

संघ द्वारा इन नए पैक की उपभोक्ता दरें भी निर्धारित कर ली गई हैं, जिन्हें जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा।

आपको बतादे कि भीलवाड़ा दुग्ध संघ की यह पहल न केवल उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि डेयरी उत्पादों की उपलब्धता को और अधिक सरल व किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# पीथास विद्यालय का 12वीं परिणाम शत-प्रतिशत, सोनू तेली ने 92.40% के साथ किया टॉप

**भूगोल में 100 में 100 अंक, छात्रों का शानदार प्रदर्शन; बालिका विद्यालय में पिंकी बैरवा अव्वल**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले की मांडल तहसील क्षेत्र के पीथास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देते हुए 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कुल 25 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इनमें 20 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 5 छात्र द्वितीय श्रेणी से पास हुए। खास बात यह रही कि



10 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

विद्यालय के छात्र सोनू तेली पुत्र नारायण लाल तेली (पुरानी अमरगढ़) ने 92.40 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनू ने भूगोल विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरे। वहीं, मनीष सालवी पुत्र पप्पू लाल सालवी (पीथास) ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### बालिका विद्यालय का भी शानदार प्रदर्शन

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की कुल 12 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई, जिनमें सभी छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। इनमें 5 छात्राएं प्रथम श्रेणी, 6 द्वितीय श्रेणी तथा 1 छात्रा तृतीय श्रेणी से पास हुई।

बालिका विद्यालय में पिंकी बैरवा पुत्री लेहरू बैरवा ने 73.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विद्यार्थियों की इस सफलता को उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया जा रहा है। बतादे कि लगातार शत-प्रतिशत परिणाम देकर पीथास विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है और क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा है।

# गलवा पुलिया निर्माण में लापरवाही-बिना संकेतक के बंद की सड़क-खेतों से निकलने को मजबूर राहगीर व ग्रामीण



स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** अलीगढ़ से खोहल्या के बीच बन रही गलवा पुलिया के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग की निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क के दोनों ओर मिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया गया, लेकिन न तो कोई चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए गए और न ही रिफ्लेक्टर की व्यवस्था की गई। इससे आमजन और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिया निर्माण स्थल पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। खासकर रात के समय स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक हो जाती है, जब बिना संकेतक के बंद सड़क नजर नहीं आती।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग करीब 100 से अधिक गांवों को जोड़ता है और प्रतिदिन हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं। लोगों को साइड में खेतों से निकलना पड़ता हैं। वहीं अलीगढ़ से सुरेली तक रोड भी जगह-जगह से उखड़कर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे लोगों को लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान भी इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। ऐसे में इस बार भी यदि समय रहते उचित प्रबंध नहीं किए गए तो आगामी बारिश में हालात और बिगड़ सकते हैं। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण स्थल पर संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर और सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, साथ ही वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर आमजन को राहत दी जाए।

# टॉफी के बहाने खंडहर में ले जाकर किया 10 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, सेंदड़ा पुलिस ने आरोपी महेन्द्र सिंह को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/सेंदड़ा।** ब्यावर जिला पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 10 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुई दुष्कर्म की घिनौनी वारदात का महज 12 घंटों के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। घटना दिनांक 30 मार्च 2026 की है। आरोपी महेन्द्र सिंह (पुत्र मोहन सिंह रावत, निवासी सहीपुरा श्यामपुरा) ने मासूम बालिका को टॉफी खिलाने के बहाने फुसलाया और एक सुनसान खंडहर मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद परिजन पीड़िता को लहूलुहान हालत में प्राथमिक उपचार के लिए अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर लेकर पहुंचे। अमृतकौर अस्पताल से रात करीब 09:30 बजे सेंदड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के निर्देशन में तुरंत विशेष टीमों का गठन किया गया।

# बिजोलिया थाना परिसर में सीएलजी बैठक आयोजित



### नशेड़ियों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजौलियां थाने में सीएलजी बैठक का आयोजन थानाधिकारी स्वागत पांडे की अध्यक्षता में किया गया।वर्तमान में पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से देश में पैट्रोल,डीजल और गैस को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही कथित किल्लत की अफवाहों को लेकर थानाधिकारी पांडे ने कहा कि पेट्रोल,डीजल व गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं हैं।देश में पेट्रोल,डीजल और गैस का पर्याप्त भंडारण हैं।साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसी कमी की भ्रामक पोस्ट्स को रोकने और शेयर करने से बचने की अपील भी की।सीएलजी सदस्यों द्वारा कस्बे में नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात पर थानाधिकारी ने कहा कि अधिकांश नशेड़ियों को कार्रवाई कर जेल भेजा जा चुका हैं और जो थोड़े-बहुत बचे हैं उनके खिलाफ भी जल्द कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


# सवाईपुर विद्यालय का शत् प्रतिशत रहा परिणाम, चिराग, सरिता, संजय, लक्ष्य, कन्हैयालाल ने मारी बाजी

स्मार्ट हलचल


**सवाईपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आज मंगलवार को 12 वीं बोर्ड का आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस का परिणाम घोषित किया गया । जेसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, विद्यार्थी अपने-अपने परिणाम ढूंढने में लग गए, अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभचिंतक बधाई दे रहे हैं । सवाईपुर सहित क्षेत्र के विद्यालयों का परिणाम तकरीबन शत-प्रतिशत रहा । बनकाखेड़ा गांव की एक छात्रा ने जिले में क्षेत्र का नाम रोशन किया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया की विद्यालय में तीनों वर्गों का प्रणाम शपथ प्रतिशत रहा,



सरिता जाट



संजय बलाई



कन्हैयालाल जाट

विद्यालय में सबसे अधिक अंक सरिता कुमारी जाट ने 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय, गांव, माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया । इसके साथ ही सुनीता जाट ने 89.20 प्रतिशत, राहुल प्रजापत ने 88.80 प्रतिशत, सपना तेली ने 88.40 प्रतिशत, कोमल सुथार ने 87.80 प्रतिशत, हर्षिता साहू ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुजनों, माता-पिता, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया । राजकीय संस्कृत विद्यालय खजीना की छात्रा कृष्णा बलाई ने 89.40 प्रतिशत व मनीषा जाट ने 86.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये ।

राउमावि बड़ला का छात्र संजय बलाई ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व गांव का मान बढ़ाया । राउमावि रीठ, कोटड़ी के छात्र कन्हैयालाल जाट ने 93 प्रतिशत और सूरज सेन ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किये । एसआरके खंडेलवाल स्कूल जोबनेर, जयपुर के छात्र सालरिया निवासी चिराग सुवालका ने 12वीं साइंस में 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव,माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किये । रॉयल पब्लिक स्कूल गिरवा, उदयपुर के छात्र सवाईपुर निवासी लक्ष्य श्रोत्रिय ने 90.20 प्रतिशत और सालरिया निवासी राज सुवालका ने 87.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किये । राउमावि राजेन्द्र मार्ग भीलवाड़ा के छात्र सवाईपुर निवासी आशीष उपाध्याय ने 85.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । वही आदर्श विद्या मंदिर कोटड़ी के छात्र खजीना निवासी गोविंद चौधरी ने 85.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

# जलीन्द्री विद्यालय के पांच विद्यार्थीयों के आए भूगोल विषय में 100 में से 100 अंक

स्मार्ट हलचल

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जलीन्द्री में बारहवीं कक्षा के कला वर्ग का शत प्रतिशत परिणाम रहा। प्रधानाचार्य शम्भू दयाल वर्मा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 12 में 32 विद्यार्थीयों में से 31 विद्यार्थीयों ने प्रथम श्रेणी व 1 विद्यार्थी ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण की है। विद्यालय की दो छात्राएं हर्षिता मीणा व मोनिका कराड़ ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर बराबर रही है।



भूगोल विपय के व्याख्याता ओंकारेश्वर मीणा के मार्गदर्शन में पांच विद्यार्थीयों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए वहीं राजनीतिक विज्ञान व हिंदी के विषय व्याख्याता अतुल कुमार शर्मा व संतोष कुमारी गोचर का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल प्रियकांत शर्मा को भावभीनी विदाई, उमड़ा सैलाब

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** वर्षों की ईमानदार सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की अमिट छाप छोड़ने वाले उपकोषाधिकारी प्रियकांत शर्मा को आज उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय परिवार और शहरवासियों ने भावभीनी विदाई दी। यह सिर्फ एक औपचारिक विदाई नहीं, बल्कि एक ऐसे कर्मयोगी को नमन था, जिसने अपने कार्यकाल में सादगी, सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारी का अनुपम उदाहरण पेश किया।

कार्यालय परिसर का माहौल आज भावनाओं से सराबोर नजर आया। जैसे ही प्रियकांत शर्मा अपने साथियों के बीच पहुंचे, तालियों की गूंज और पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत हुआ। हर चेहरे पर मुस्कान थी, लेकिन आंखों में विदाई की नमी भी साफ झलक रही थी। सहकर्मियों ने उन्हें माल्यार्पण



कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रियकांत शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान हमेशा नियमों और मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और हर परिस्थिति में निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में जब ईमानदारी और पारदर्शिता की मिसालें कम देखने को मिलती हैं, ऐसे में प्रियकांत शर्मा जैसे अधिकारी समाज और प्रशासन दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

समारोह में उपस्थित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने भी उन्हें सम्मानित करते हुए उनके योगदान को सराहा। सभी ने एक स्वर में कहा कि शाहपुरा को उनकी सेवाओं पर गर्व है और उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगी।

कार्यालय के मुख्य द्वार पर स्टांप विक्रेताओं द्वारा किया गया स्वागत समारोह भी खास आकर्षण का केंद्र रहा। यहां पर प्रियकांत शर्मा का पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में साफा बांधकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया और सभी ने तालियों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया।

स्टांप वेंडर भगवान सिंह यादव, सुनील शर्मा, अतुल पारीक, देव पाराशर, राधे शर्मा सहित अन्य साथियों ने कहा कि प्रियकांत शर्मा ने हमेशा सभी के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखा और हर किसी की समस्या को गंभीरता से सुना। उनकी सरलता और मिलनसार स्वभाव ने उन्हें सभी के दिलों में खास स्थान दिलाया।

इस मौके पर कवि दिनेश बंटी और गीतकार सत्येंद्र मंडेला ने अपने भावपूर्ण शब्दों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को शब्दों में पिरोते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं पत्रकार मूलचन्द पेसवानी और नवरतन चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी उन्हें मार्ल्यापण करके व साफा बंधवा कर सम्मानित किया।

अपने विदाई संबोधन में प्रियकांत शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि शाहपुरा में बिताए गए उनके सेवा के दिन उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार पल रहेंगे। उन्होंने सभी सहकर्मियों, अधिकारियों और शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यहां हमेशा परिवार जैसा स्नेह और सहयोग मिला। अंत में समारोह का माहौल भावुक हो उठा, जब सभी ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया। यह विदाई एक अधिकारी के सेवानिवृत्त होने भर की नहीं थी, बल्कि एक युग के समापन और एक प्रेरणादायक यात्रा के सम्मान की कहानी बन गई।

# कारोई की बेटी कृतिका वैष्णव ने 12वीं विज्ञान वर्ग में हासिल किए 93% अंक

स्मार्ट हलचल



**गुरला।** कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है, इसे चरितार्थ कर दिखाया है भीलवाड़ा जिले के कारोई की होनहार छात्रा कृतिका वैष्णव ने। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं विज्ञान (मैथ्स) के परिणामों में कृतिका ने 93% अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। राजसमंद जिले के सुभाष पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धोयदा की छात्रा कृतिका ने 500 में से कुल 465 अंक हासिल किए हैं। इस शानदार उपलब्धि पर उनके पिता विनोद वैष्णव, माता रेखा वैष्णव और समस्त परिवारजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए कृतिका वैष्णव ने अध्यापक सोहन जी कुमावत का योगदान व कृतिका के कड़े अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया है। 93% जैसे गौरवशाली अंकों के साथ कृतिका ने विद्यालय के इतिहास में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा लिया है। स्कूल प्रशासन ने भी छात्रा की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बेमौसम बारिश बनी काल-11 वर्षीय मासूम की पानी के टैंक में गिरने से मौत

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा कस्बे में सोमवार शाम अचानक बदले मौसम ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। करीब शाम 4 बजे आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के बीच एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें 11 वर्षीय बालक बुद्धि प्रकाश सेन की पडौस में पानी के टैंक (होद) में गिरने से मौत हो गई।



उनियारा में नैनवां रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के सामने गली में तेज तूफान और बारिश के चलते हालात बिगड़ गए थे। इसी दौरान बालक बुद्धि प्रकाश सेन, जो पास में पड़े गोबर के कंडों (छेना) को बारिश से बचाने के लिए ढकने गया था, अचानक पैर फिसलने से पडौस में खुले पानी के टैंक (होद) में गिर गया। टैंक को पडौसी द्वारा केवल फंटा-बल्ली से ढका गया था, जो हादसे को रोकने में नाकाफी साबित हुआ।

### रातभर तलाश के बाद मिला शव

भारी बारिश के कारण जब बालक काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजनों और मोहल्लेवासियों ने उसकी तलाश शुरू की। रात के समय पडौस में पानी टैंक के पास उसकी चप्पल दिखाई दी, जिससे परिजनों का शक गहराया। जब पानी के टैंक में खोजबीन की गई तो बालक अंदर मृत अवस्था में मिला।

### परिवार की स्थिति बेहद मार्मिक

मृतक बुद्धि प्रकाश सेन कक्षा 5वीं का छात्र था और हाल ही में उसने 5वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय, उनियारा में पढ़ता था। पिता रिंकू सेन मानसिक रूप से कमजोर हैं, बालक की परवरिश उसके ताऊ (बड़े पिता) हरकेश सेन कर रहे थे। मां बचपन में ही उसे छोड़कर चली गई थी। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### प्रशासन व समाज के लिए चेतावनी

यह हादसा कई गंभीर सवाल खड़े करता है- खुले या असुरक्षित पानी के टैंक, बारिश में सुरक्षा उपायों की कमी, बच्चों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही।

### जरूरी सावधानियां

पानी के होद / खुले टैंकों को मजबूत ढक्कन से बंद किया जाए, बरसात के समय बच्चों को अकेला न छोड़ा जाए, खतरनाक स्थानों पर कड़ी सुरक्षा या चेतावनी संकेत लगाए जाएं। एक मासूम की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। यह घटना न सिर्फ एक परिवार का दर्द है, बल्कि समाज के लिए एक बड़ी सीख भी हैं।

# चन्दवाड़ की 'बेटी' रेखा मीणा ने 89% अंक किये प्राप्त

स्मार्ट हलचल|दूनी



राजाराम लालावत: कहते हैं कि अगर इरादे फौलादी हों और मन में कुछ कर गुजरने की चाह हो, तो सफलता कदम चूमती ही है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चन्दवाड़ की होनहार छात्रा रेखा मीणा ने। रेखा ने 12वीं आर्ट्स बोर्ड परीक्षा में 89% अंक हासिल कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे तहसील क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

पिता के संघर्षों को दिया 'सफलता' का उपहार।रेखा के पिता, दुर्गा लाल मीणा, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत हैं।एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली रेखा ने अपनी कड़ी मेहनत और एकाग्रता से यह साबित कर दिया कि सुविधाओं की कमी सफलता के आड़े नहीं आती। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, चन्दवाड़ गांव में जश्न का माहौल बन गया।

बधाइयों का तांता और सोशल मीडिया पर धूम। रेखा की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है। परिजनों ने मिठाई खिलाकर अपनी लाडली का मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। सोशल मीडिया पर भी चन्दवाड़ की इस 'गोल्डन गर्ल' को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।सम्मान समारोह: विद्यालय प्रशासन की ओर से कल विद्यालय परिसर में रेखा का भव्य सम्मान किया जाएगा।सफलता का सूत्र: नियमित पढ़ाई और गुरुजनों का मार्गदर्शन। 'रेखा की सफलता अन्य छात्राओं के लिए एक प्रेरणा है। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं जब इस तरह चमकती हैं, तो पूरे समाज का गौरव बढ़ता है।' – ग्रामीणों की प्रतिक्रिया, चन्दवाड़ की इस बेटी की उड़ान ने बता दिया कि अब बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

# फरार वारंटी रिंकू मीणा 6 साल बाद गिरफ्तार, 21 आपराधिक मामले दर्ज



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** पुलिस थाना भवानीमंडी ने आपराधिक मामलों में करीब 6 साल से फरार चल रहे वारंटी रिंकू मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 31 मार्च 2026 को सरकारी कुएं के पास टगर मोहल्ला, भवानीमंडी से पकड़ा गया।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 39 वर्षीय रिंकू मीणा पुत्र सुरजमल मीणा, निवासी सरकारी कुएं के पास टगर मोहल्ला भवानीमंडी, के खिलाफ विभिन्न थानों में लगभग 2 दर्जन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध भवानीमंडी थाने में 5 स्थाई वारंट और 2 गिरफ्तारी वारंट जारी थे।

एसपी अमित कुमार और एएसपी भागचंद मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। टीम ने न्यायालय के वारंटों के आधार पर विशेष अभियान चलाकर आरोपी को दबोचा।

### आपराधिक रिकॉर्ड

गिरफ्तार आरोपी पर भवानीमंडी, रामगंजमंडी, इंद्रगढ़ बूंदी, झालरापाटन और सुकेत थानों में कुल 21 मामले दर्ज हैं। इनमें आईपीसी की धारा 379, 341, 323, 143, 279, 336, 427 के तहत चोरी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के मामले शामिल हैं।

# कोटा सरस डेयरी का नवाचार: 50 ग्राम मेंगो श्रीखण्ड लॉन्च

## संभागीय आयुक्त ने सरस डेयरी प्लांट का किया निरीक्षण, गुणवत्ता और स्वच्छता उच्च मानकों जताया संतोष

स्मार्ट हलचल|कोटा

भीषण गर्मी के बीच उपभोक्ताओं को राहत और स्वाद का नया विकल्प देते हुए कोटा सरस डेयरी ने 50 ग्राम पैक में मेंगो फ्लेवर श्रीखण्ड का शुभारंभ किया। इस नए उत्पाद का लोकार्पण कोटा संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने किया।



डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि कोचिंग विद्यार्थियों और आमजन के बीच किए गए सर्वे में मेंगो श्रीखण्ड की मांग प्रमुख रूप से सामने आई थी। इसी के आधार पर डेयरी ने यह किफायती और सुविधाजनक पैक तैयार किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि सरस डेयरी नवाचार और उपभोक्ता जरूरतों के अनुरूप उत्पाद देने के लिए जानी जाती है।

संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने लॉन्चिंग की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यह उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी और आकर्षक विकल्प साबित होगा। उन्होंने इसकी शहरभर में सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डेयरी के प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा, प्लांट अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राठौड़ ने बताया कि लॉन्चिंग के साथ ही 700 से अधिक पैक्स की मांग प्राप्त हो चुकी है, जो उत्पाद की लोकप्रियता का संकेत है। मांग को देखते हुए शीघ्र ही मोबाइल वैन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सरस डेयरी में 50 ग्राम श्रीखण्ड (मेंगो फ्लेवर) के शुभारंभ के उपरान्त संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने डेयरी प्लांट परिसर का विस्तृत निरीक्षण कर दुग्ध प्रसंस्करण व्यवस्था एवं गुणवत्ता मानकों का जायजा लिया।


डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बीएमसी (बल्क मिल्क कूलर) से दूध संग्रहण, टैंकरों के माध्यम से प्लांट तक आपूर्ति तथा प्लांट में होने वाली प्रोसेसिंग की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझा। उन्होंने गुणवत्ता जांच के विभिन्न चरणों–फैट एवं एसएनएफ परीक्षण, शुद्धता की जांच और स्वच्छता मानकों–का भी अवलोकन किया।

आयुक्त को कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की कार्यप्रणाली के अंतर्गत दुग्ध संग्रहण से लेकर अंतिम उत्पाद के विपणन तक की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस दौरान घी प्रोसेसिंग यूनिट, फ्लेवर मिल्क निर्माण सहित अन्य उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि डेयरी द्वारा गुणवत्ता और स्वच्छता के उच्च मानकों का पालन सराहनीय है तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर डेयरी के प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा, प्लांट अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उप-स्थत रहे। इससे पूर्व संभागीय आयुक्त ने डेयरी परिसर में मौजूद दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक भी किया।

# कोटा के हृदय बिरला का राष्ट्रीय टेबल टेनिस टीम में चयन

स्मार्ट हलचल|कोटा



राजस्थान के कोटा जिले के उभरते युवा खिलाड़ी हृदय बिरला का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से शहर के खेल जगत में उत्साह और गर्व का माहौल है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग, राजस्थान, बीकानेर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 14 वर्ष (छात्र) वर्ग की राज्य टेबल टेनिस टीम में हृदय बिरला को शामिल किया गया है। वे आगामी 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हृदय के पिता अनीश बिरला ने बताया कि इस आयुवर्ग में कोटा शहर से चयनित वे एकमात्र टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। उनकी इस सफलता के पीछे निरंतर अभ्यास, अनुशासन और कोच का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है।

यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 28 मार्च से 14 अप्रैल 2026 तक पाली में लगाया जा रहा है, जिसमें हृदय बिरला भी हिस्सा ले रहे हैं।

हृदय बिरला के चयन से कोटा जिले में खुशी की लहर है। उनके परिवार, कोच और विद्यालय ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# चंचल चौरसिया ने 12वीं बोर्ड में 96.20% अंक लाकर जिले का बढ़ाया मान

स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** छोटे कस्बे की बेटियां अब बड़े मुकाम हासिल कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हरनावदाशाहजी की होनहार छात्रा चंचल चौरसिया ने पेश किया है। चंचल ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और बारां जिले का नाम रोशन कर दिया है।



ग्राम पंचायत के सामने निवासी सुरेश चंद चौरसिया की पुत्री चंचल की इस शानदार उपलब्धि से पूरे कस्बे में खुशी की लहर है। चंचल की सफलता ने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी ऊंचाई पाना मुश्किल नहीं।

ज्ञान भारती बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। चंचल चौरसिया ने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए पूरे जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनका सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है।

चंचल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत रहा।

### स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी दिखाया दम

इस सफलता की कड़ी में अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा चित्रा नगर ने 94.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं छात्र योगेंद्र मेवाड़ा ने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्रा डोलीक्षा चौरसिया ने भी 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

हरनावदाशाहजी के इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सफलता आज पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। खासकर बेटियों की इस उपलब्धि ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# बसवाड़ा स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 12वीं में 100% रहा परीक्षा परिणाम

स्मार्ट हलचल|लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के बसवाड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी होते ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसवाड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। इस परीक्षा में गीताराम मीणा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं लोटन्ती मीणा ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रामसिंह ने 87.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर प्रधानाचार्य राज बहादुर मीणा एवं कक्षा अध्यापक मुकेश मीणा व्याख्याता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को इस सफलता का मुख्य कारण बताया। विद्यालय परिवार और क्षेत्र में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है।

# 12वीं विज्ञान वर्ग में 99.80 प्रतिशत बना कर टॉपर बने सोनू मेहरा



स्मार्ट हलचल

**टोंक।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटिका जयपुर में अध्ययनरत सोनू मेहरा पिता विनोद मेहरा बड़ा नया गाँव निवाई के छात्र ने 12 वी कक्षा के विज्ञान वर्ग में 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके राजस्थान बोर्ड का टॉपर बन जाने पर क्षेत्र व कीर मेहरा समाज मे खुशी की लहर दौड़ गई।


प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू मेहरा के पिता दिहाडी मजदूर है इनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण प्राइवेट स्कूल में समय पर फीस जमा नही करवाने के कारण स्कूल से निकाल दिया गया था फिर सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया था और अपनी कड़ी मेहनत और लगन से राजस्थान बोर्ड का टॉपर बन गया कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार सहित मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा, प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फूलचंद कहार एडवोकेट, कश्यप महासंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदर्शन मेहरा, तहसीलदार कैलाश मेहरा, उतम चन्द सरपंच, केवट सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम मेहरा(अबीद ), हनुमान सहाय बलावत, महर्षि कश्यप स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूनी (टोंक ) के निदेशक डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट, जयपुर अध्यक्ष रामगोपाल अबीद, रामजीलाल चौहान, प्रदेश भाजपा नेता सुभाष कश्यप, डॉ दिनेश मेहरा, रमेश चौहान, ओमप्रकाश अबीद, सत्यपाल कश्यप, मोहनलाल कश्यप, सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों के समाज बंधुओं ने खुशी जाहिर की और बधाई दी।

# जयपुर में 'कथाकहन' का छठा संस्करण: तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 3 से 5 अप्रैल तक

## प्रख्यात कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में आयोजन, इस बार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति को समर्पित

स्मार्ट हलचल|जयपुर

हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। 'कथाकहन' नामक तीन दिवसीय प्रतिष्ठित कार्यशाला का छठा संस्करण 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहा है। इस बार यह आयोजन जोधपुर में जन्मे हिंदी के विरले कथाकार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति को समर्पित रहेगा।




यह कार्यशाला जयपुर के कानोता कैंप के प्राकृतिक और शांत वातावरण में आयोजित होगी, जहां देशभर से साहित्य प्रेमी, लेखक और कथाकार जुटेंगे। कानोता कैंप के संचालक बहादुर सिंह राठौड़ की साहित्यिक रुचि इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान कर रही है।

कार्यशाला में हिंदी साहित्य के कई दिग्गज रचनाकार शिरकत करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में सत्यनारायण, विनोद भारद्वाज, डॉ. विनय कुमार, संजीव पालिवाल, यतींद्र मिश्र, गीत चतुर्वेदी, प्रभात रंजन, जयप्रकाश पांडे, पंकज सुबीर सहित कई अन्य नाम शामिल हैं।

इसके अलावा चित्रकार अखिलेश, कथक नृत्यांगना रचना यादव, लेखिका दिव्या माथुर, कर्नल गौतम राजऋषि, तसनीम, सुजाता शिवेन, रोहिणी कुमारी, पटकथा लेखक पुनीत शर्मा, पूनम अरोड़ा तथा कनुप्रिया भी सहभागिता करेंगे।

विशेष आकर्षण के रूप में रघुनंदन त्रिवेदी की चुनी हुई कहानियों का मंचन किया जाएगा, जिसके लिए जोधपुर से प्रसिद्ध नाटककार अरु व्यास, स्वाति व्यास और तनुज टाक विशेष रूप से आएंगे।

आयोजन मंडल में अंशु कुलश्रेष्ठ, कुश वैष्णल, उजला लोहिया और शिप्रा भाटी शामिल हैं।

कार्यशाला की संयोजक मनीषा कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 'कथाकहन' का उद्देश्य केवल कहानी सुनना नहीं, बल्कि कहानी कहने की कला को जीवंत बनाए रखना, नई पीढ़ी को प्रेरित करना और साहित्यिक संवाद को बढ़ावा देना है। पिछले पांच वर्षों में यह कार्यशाला हिंदी साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण वार्षिक आयोजन के रूप में स्थापित हो चुकी है।

# महात्मा गांधी विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



स्मार्ट हलचल|बूंदी

शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बालचंद पाड़ा बूंदी के कक्षा 12 के विज्ञान तथा कला संकाय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं 7 प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा तिवारी ने बताया कि विज्ञान संकाय में धारा शर्मा प्रथम स्थान (95.8%), लक्षिता सैनी द्वितीय स्थान(91%) तथा सोनाक्षी गौतम तृतीय स्थान (88%) पर रही। इसी प्रकार कला संकाय में राजेश्वरी गौतम प्रथम स्थान (92.4%), इशिका सैनी द्वितीय स्थान (81.8%) तथा गुंजन सैनी तृतीय स्थान (80.8%) पर रही इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर तथा मुंह मीठा करवाकर अभिनंदन किया गया।

# भगवती अकादमी बोहेड़ा ने रचा इतिहास, 12 वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम

## सभी 96 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, 16 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए

स्मार्ट हलचल

**बड़ीसादड़ी।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं बोर्ड परीक्षा में भगवती अकादमी उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोहेड़ा ने शानदार सफलता का नया इतिहास रच दिया। विज्ञान, कला और वाणिज्य – तीनों संकायों में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में सम्मिलित सभी 96 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से बोहेड़ा सहित आस - पास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास ने इस सफलता को गौरवपूर्ण उपलब्धि में बदल दिया। विज्ञान वर्ग में छात्राओं का दबदबा। विज्ञान वर्ग में भारती धाकड़ ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपिका सालवी ने 95.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय, पूजा मेनारिया ने 95 प्रतिशत के साथ तृतीय तथा दीपक शर्मा ने 94.60 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।


भारती धाकड़ (विज्ञान) 96.40%

कला वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन। कला वर्ग में तारा धाकड़ ने 93.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि माया मेनारिया ने 92.20 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय की उपलब्धि में चार चांद लगा दिए। वाणिज्य वर्ग में भी उत्कृष्ट सफलता। वाणिज्य वर्ग में हर्षित कुमार जोशी ने 85.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं रिधिमा झाला ने 83.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार शर्मा ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के अनुशासन, नियमित अध्ययन और शिक्षकों की सतत मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि कुल 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का प्रमाण है। भगवती शिक्षण संस्थान के मुख्य प्रबंध निदेशक जगदीश चंद्र सुथार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिलती है। हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि मेहनत सच्चे मन से की जाए तो सफलता स्वयं कदम चूमती है। यह परिणाम उनके सपनों, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास की संयुक्त जीत है। हमें विश्वास है कि यही विद्यार्थी भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

# 47 किलो डोडाचूरा के साथ एक गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 47 किलो 813 ग्राम अफीम डोडा चूरा परिवहन करते बस यात्री को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस रेंज उदयपुर गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत वृत्ताधिकारी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल के निर्देशन एंव थानाधिकारी राम सुमेर मीणा के सुपर विजन में प्रशिक्षु उपाधीक्षक मुकेश कुमार द्वारा कांस्टेबल जितेन्द्र, मुखराम, गोपाल, गोविन्द सिंह के साथ गश्त की जा रही थी। इसी दौरान बस स्टैंड पर एक संदिग्ध व्यक्ति से व्यक्ति से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम राजविन्दर सिंह (32) पुत्र जीत सिंह राय सिक्ख निवासी सुरेवाला थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ़ होना बताया।

# ईरान की सीमाओं के हालात देखिये, पक्का चौंक जाएंगे! युद्ध ने खड़ा कर दिया है बहुत बड़ा मानवीय संकट



नीरज कुमार दुबे

**अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, यह संकट अब ईरान की सीमाओं से बाहर भी फैल चुका है। 19 मार्च तक अस्सी हजार से अधिक लोग देश छोड़ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान पहुंचे हैं, जहां सत्तर हजार से अधिक लोगों ने शरण ली है।**

ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष ने पूरे पश्चिम एशिया को एक गहरे मानवीय संकट में धकेल दिया है। बीते एक महीने से लगातार हो रही बमबारी ने न केवल हजारों लोगों की जान ली है, बल्कि लाखों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 1937 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चौबीस हजार आठ सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं। ये आंकड़े इस बात की गंभीरता को दशार्ते हैं कि यह संघर्ष अब व्यापक मानवीय आपदा बन चुका है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक, इस संघर्ष के कारण अब तक बत्तीस लाख से अधिक लोग ईरान के भीतर ही विस्थापित हो चुके हैं। तेहरान, इस्फहान और केरमानशाह जैसे बड़े शहरों में सबसे ज्यादा हवाई और ड्रोन हमले हुए हैं, जिसके चलते लोग इन इलाकों को छोड़कर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों और कैस्पियन सागर के पास के उत्तरी इलाकों की ओर जा रहे हैं। लेकिन हालात इतने खराब हैं कि सुरक्षित स्थान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गए हैं। कई जगहों पर लगातार हमलों के कारण लोगों के सामने यह दुविधा है कि वे अपने घरों में रहें या पलायन का जोखिम उठाएं।

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, यह संकट अब ईरान की सीमाओं से बाहर भी फैल चुका है। 19 मार्च तक अस्सी हजार से अधिक लोग देश छोड़ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान पहुंचे हैं, जहां सत्तर हजार से अधिक लोगों ने शरण ली है। इसके अलावा पाकिस्तान, अजरबैजान, इराक और तुर्कमेनिस्तान में भी हजारों लोग पहुंचे हैं। यह पलायन इस बात का संकेत है कि लोगों को अब अपने देश में जीवन सुरक्षित नहीं लग रहा। डर, असुरक्षा और लगातार हो रहे हमलों ने आम नागरिकों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर कर दिया है।

वहीं सीमाओं पर हालात और भी ज्यादा कठिन होते जा रहे हैं। ईरान से भागकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमाओं तक पहुंचने वाले लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राहत एजेंसियों के अनुसार, सीमाई चौकियों पर भारी भीड़, लंबी कतारें और सीमित



संसाधनों के कारण लोगों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है।

इसके अलावा, सुरक्षा स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर लगातार झड़पें और गोलाबारी हो रही है, जिससे शरण लेने आए लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। हाल के दिनों में सीमा क्षेत्रों में तोपखाने हमलों और सैन्य कार्रवाई की खबरें सामने आई हैं, जिनमें आम नागरिक भी घायल हुए हैं। साथ ही कई बार सीमाएं अचानक बंद कर दी जाती हैं या सीमित समय के लिए खोली जाती हैं, जिससे हजारों लोग बीच रास्ते में फंस जाते हैं। कुछ मामलों में लोगों को जबरन वापस लौटाया जा रहा है, जबकि कई परिवार बिछड़ जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जो लोग एक युद्ध से बचकर भाग रहे हैं, वे अक्सर दूसरे संघर्ष और असुरक्षा के माहौल में पहुंच जाते हैं, जिससे उनकी स्थिति और भी दयनीय हो जाती है।

ईरान से भाग रहे लोगों की कहानियां भी बेहद मार्मिक हैं। कई लोग अपने देश की सरकार से नाराज हैं और इस संघर्ष को बदलाव का मौका मान रहे हैं। कुछ लोगों ने विदेशी सैन्य हस्तक्षेप का समर्थन भी किया है, जो इस बात को दशार्ता है कि देश के भीतर असंतोष कितना गहरा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले 47 वर्षों का दर्द अब असहनीय हो चुका है। वहीं एक अन्य व्यक्ति, जो सात साल जेल में रहा, उसने कहा कि जो पीड़ा उन्होंने झेली है, उसे समझ पाना आसान नहीं है। हालांकि, लोग डर और उम्मीद दोनों के बीच जी रहे हैं। वह अपनी जान और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन साथ ही यह भी चाहते हैं कि यह संघर्ष किसी बड़े बदलाव की ओर ले जाए।

वहीं ईरान में रहने वाले चालीस लाख से अधिक अफगान शरणार्थी इस संकट में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इनमें से अधिकतर शहरों में रहते हैं, जो हमलों का मुख्य लक्ष्य बने हुए हैं। इनमें से कई लोगों की आजीविका खत्म हो चुकी है और उनके पास न तो सुरक्षित स्थान है और न ही देश छोड़ने की अनुमति है। बताया जा रहा है कि करीब पैंतीस हजार अफगान पहले ही वापस अपने देश लौट चुके हैं, जबकि दस लाख से अधिक लोगों पर जबरन वापसी का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति और भी गंभीर है क्योंकि अफगानिस्तान खुद संकट से जूझ रहा है।

दूसरी ओर, ईरान के शहरों से आ रही तस्वीरें बेहद चिंताजनक हैं। कई इलाकों में घर, अस्पताल और स्कूल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। तेहरान के लगभग हर इलाके में इमारतों को नुकसान पहुंचा है। लोग अपने घरों की खिड़कियों पर टेप लगा रहे हैं ताकि कांच टूटने से होने वाली चोटों से बचा जा सके। इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं और बैंकिंग व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे आम जीवन और कठिन हो गया है। लोग रातभर बम धमाकों की आवाज सुनते हुए डर के साये में जी रहे हैं।

उधर, मानवीय संगठनों का कहना है कि राहत कार्यों के लिए जरूरी धन की भारी कमी है। हर सप्ताह अरबों रुपये युद्ध पर खर्च हो रहे हैं, लेकिन प्रभावित लोगों के लिए भोजन, आश्रय और चिकित्सा सहायता के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। बताया जा रहा है कि ईरान में करीब अट्ठाइस लाख लोगों की मदद के लिए 80 मिलियन डॉलर की जरूरत है, जबकि अफगानिस्तान में 17.5 मिलियन लोगों के लिए 1.71 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है। लेकिन अब तक इसका बहुत छोटा हिस्सा ही उपलब्ध हो पाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह युद्ध जारी रहा तो यह एक और बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकता है। लाखों लोग सीमाओं के पार जाने को मजबूर होंगे, जिससे पहले से दबाव झेल रहे देशों पर और बोझ बढ़ेगा। देखा जाये तो यह संघर्ष आम लोगों को ऐसी पीड़ा दे रहा है जिसके लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की जा रही है कि सभी पक्ष नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर हमले रोकें और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ें।

बहरहाल, ईरान और अमेरिका के बीच यह युद्ध अब पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। हजारों मौतें, लाखों विस्थापित लोग और बर्बाद होती जिंदगी इस बात का संकेत हैं कि अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## संपादकीय

### इंसानी जीपीएस का क्षरण

अक्सर कहा जाता है कि मनुष्य शरीर के वे अवयव निष्क्रिय हो जाते हैं, जिनका मनुष्य लगातार उपयोग नहीं करता। मानव शरीर की अद्भुत कुदरती क्षमताओं पर भी यही बात लागू होती है। हाल ही में नोबेल पुरस्कार विजेता न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एडवर्ड मोजर की वह चेतावनी चौंकाती है कि तकनीकी जीपीएस पर बढ़ती निर्भरता से इंसान के मस्तिष्क में स्थित कुदरती जीपीएस की क्षमता कम हो रही है। सदियों से इससे हमारे दिमाग में लक्षित स्थान का नक्शा बनाकर जगह तक पहुंचने में मदद मिलती थी। लेकिन हम रास्ते नहीं खोजते, बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। याद करें जब फोन नहीं थे तो वाहन चालक व सामान पहुंचाने वाले वर्कर्स खुद रास्ते तलाशकर गंतव्य स्थान तक पहुंचते थे। लेकिन अब हम अपने दिमाग में पहुंचने वाली जगह का नक्शा बनाने की बजाय बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। हम सिर्फ रास्ते की कड़ियों का हिस्सा बन रहे हैं। एक समय था कि हमें घुमावदार रास्ते भी याद रहते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं। इसकी वजह है कि अब हम रास्तों व उसके आसपास की चीजों को याद करने की जहमत नहीं उठाते। कमोबेश यह स्थिति ऐसी ही है जैसे कुछ साल पहले तक हमें बहुत सारे फोन नंबर याद रहते थे। यहां तक कि लैंडलाइन फोन के नंबर भी हम याद रखते थे। लेकिन अब फोन में नंबर सुरक्षित करके हम अपने परिवार के खास फोन नंबर याद नहीं रख पा रहे हैं। इसी तरह हम कुदरती जीपीएस की क्षमताओं से वंचित होने लगे हैं। दरअसल, वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य के मस्तिष्क के भीतर ग्रिड सेल्स होते हैं। जिन्हें इंसानी दिमाग का भीतरी जीपीएस कहा जा सकता है। जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं कि हम कहां हैं और हमें आगे कहां जाना है। ये ही हमारे दिमाग में लक्षित जगह का नक्शा बनाने में मदद करते हैं कि हमें कैसे व कहां जाना है। रोचक तथ्य यह है कि मनुष्य के मस्तिष्क में यह कुदरती जीपीएस जन्म के बाद जल्दी ही सक्रिय हो जाता है। यानी कुछ समय बाद ही मनुष्य के शरीर में रास्ते पहचानने की क्षमता विकसित हो जाती है। लेकिन विडंबना यह है कि हम लगातार अपने शरीर के इस कुदरती गुण को नजरअंदाज करके तकनीक यानी जीपीएस पर निर्भरता बढ़ाने लगे हैं। चिंता इस बात की भी है कि कहीं देर-सवेर हम अपने शरीर के भीतर स्थित जीपीएस से वंचित न हो जाएं। जिसका सीधा असर हमारी सीखने की क्षमता, रास्ते याद रखने की शक्ति और भविष्य में लक्षित मार्ग खोजने की योग्यता में गिरावट के रूप में होगा। वैज्ञानिक कहते हैं कि हम तकनीक का इस्तेमाल करें, लेकिन कुदरती क्षमता को सिरे से नजरअंदाज न करें। यदि समय-समय पर हम उसका उपयोग करेंगे तो उसकी सक्रियता बनी रहेगी। फिर जिन स्थानों पर गूगल व अन्य जीपीएस काम नहीं करते, वहां हम अपनी नैसर्गिक क्षमता का उपयोग रास्ते तलाशने में कर सकते हैं। वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं कि दिमागी जीपीएस प्रारूप का इस्तेमाल रोबोटिक्स में करने में कैसे सफलता मिले। जिससे मशीनें भी वैसा ही व्यवहार करें जैसा हमारा दिमाग करता है।

## चिंतन-मनन


### कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

# युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी



योगेश कुमार गोयल



'अहिंसा परमो धर्मः' का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन आज के अशांत, तनावग्रस्त और संघर्षपूर्ण समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। आधुनिक युग में मनुष्य प्रगति की अंधी दौड़ में नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। स्वार्थ, लोभ और प्रतिस्पर्धा ने उसे इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि वह अपने हित के लिए हिंसा और अनैतिकता को भी उचित ठहराने लगा है। ऐसे समय में महावीर स्वामी का अहिंसा, संयम और करुणा पर आधारित दर्शन मानवता को एक नई दिशा देता है और उसे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।

भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक जीव समान है और हर प्राणी में आत्मा का वास है। उन्होंने 'जीओ और जीने दो' का जो सिद्धांत दिया, वह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने व्यवहार और आचरण में ऐसी संवेदनशीलता विकसित करें, जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचे। उनका यह विचार कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि तक में जीवन है, आज के पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जब पृथ्वी प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकट से जूझ रही है, तब महावीर का यह संदेश हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान करता है।

महावीर स्वामी ने कर्म के सिद्धांत को भी अत्यंत स्पष्टता से समझाया। उनका मानना था कि मनुष्य स्वयं अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है और वही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से बच नहीं सकता। जो जैसा करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। यह सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मनुष्य को उत्तरदायित्व और सजगता का बोध कराता है। उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं बल्कि आत्मा की पवित्रता में निहित है। अहिंसा, सत्य, संयम और तप ही धर्म के वास्तविक लक्षण हैं। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे दोष मनुष्य के सभी गुणों का नाश कर देते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुलन चाहता है, उसे इन विकारों का त्याग करना चाहिए। महावीर का यह संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत उपयोगी है, जहां मानसिक अशांति और असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है।


महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है। उनकी दृष्टि में सेवा भी सर्वोच्च धर्म है। रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा से भी बढ़कर बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति के अधिकारी हैं, जो उनके प्रगतिशील और समतामूलक विचारों को दशार्ता है।

आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर की अमृतवाणी हमें आत्मशुद्धि, सह-अस्तित्व और शांति का मार्ग दिखाती है। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और शांति स्थापित हो सकती है बल्कि समाज में भी सद्भाव, करुणा और अहिंसा की स्थापना संभव है। यही महावीर स्वामी के संदेश की वास्तविक सार्थकता है, जो युगों-युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेगी।

# इजरायल- ईरान युद्ध से वैश्विक आर्थिक महामंदी?



सनत जैन



दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी के कारण संकट में...

अमेरिका-इजराईल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण सारी दुनिया के देश आर्थिक महामंदी के शिकार होने जा रहे हैं। इस मंदी का बड़ा असर होने जा रहा है। जिसकी कल्पना कर पाना भी संभव नहीं है। एक माह से चल रहे, इस युद्ध के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति वैश्विक स्तर पर प्रभावित हुई है। ईरान की हार्मोज में नाकाबंदी के बाद दुनिया के सभी देशों का संकट बढ़ता जा रहा है। महंगाई बढ़ रही है, ऊर्जा संकट का असर कारोबार और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है, जिसके कारण बेरोजगारी भी तेजी के साथ बढ़ रही है। कच्चे तेल और गैस के दाम लगातार बढ़ने से सभी देशों की अर्थ व्यवस्था गड़बड़ा रही है। इसका असर सरकारों के राजस्व पर भी देखने को मिल रहा है। आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। महंगाई के कारण आम लोग अपने जीवन की जरूरी चीजों को नहीं खरीद पा रहे हैं। भारत सरकार ने पहली बार अर्थव्यवस्था को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। यह माना जा रहा है, भारत सरकार को अपने बजट को संशोधित करना पड़ेगा। युद्ध खत्म होने के स्थान पर और भी तेज होता जा रहा है। दुनिया भर के देशों में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल की सप्लाई घटकर मात्र 10 फीसद रह गई है। जिसके कारण सारी व्यवस्था वैश्विक स्तर पर गड़बडा गई है। सारी दुनिया के देशों की आर्थिक स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल हो रही हैं। इसका असर शेयर बाजार और बैंकिंग व्यवस्था पर भी देखने को मिलने लगा है। शहरों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। पेट्रोल, डीजल, गैस और बिजली संकट का असर सभी क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के सिर में जिस तरह से युद्ध का पागलपन सवार है, इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही टैरिफ-वार के माध्यम से सारी दुनिया के देशों में हड़कंप मचाया। जिसका असर महंगाई और अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ट्रंप की नीतियों के कारण अमेरिका में भी महंगाई और बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 3300 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो रहा है। करीब 90 लाख लोग सड़कों पर उतर आए हैं। अमेरिका की जनता ट्रंप से नाराज है। डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी के सांसद भी नाराज हैं। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से युद्ध को भड़का रहे हैं, रोजाना तरह-तरह के बयान दे रहे हैं, उसके बाद सारी दुनिया में उन्हें एक साइको और पागल नेता के रूप में देख रही है। ट्रंप के अहंकार से स्थितियां और भी विकराल होती जा रही हैं। इस युद्ध में जिस तरह से अमेरिका के खिलाफ रूस, चीन, ईरान, उत्तर कोरिया सहित सैकड़ों देश अमेरिका के विरोध में खड़े हो गए हैं। उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल इंजन का सफल परीक्षण कर लिया है। सभी देशों में युद्ध का असर पड़ रहा है।

डॉलर मुद्रा को वैश्विक स्तर पर चुनौती मिल रही है। पिछले एक माह से सारी दुनिया के देशों में माल की आवाजाही प्रभावित हुई है। कई देशों में खाद्य-संकट देखने को मिल रहा है। दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमेरिका इस समय अंतर्राष्ट्रीय और आंतरिक दृष्टि से सबसे कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिका और इजराईल ने सैन्य उपकरणों और सैन्य व्यवस्था को लेकर, दुनिया के देशों के सामने जो हौआ खड़ा कर-के दादागिरी करते थे, ईरान युद्ध में उनका पदार्फाश हो गया है। अमेरिका और इजराईल के महंगे सैन्य उपकरण और सुरक्षा व्यवस्था को ईरान ने तबाह कर दिया है। ईरान ने उन सभी दावों को चुनौती देते हुए जिस तरह से इजराईल और अरब देशों के अमेरिकी सैन्य अड्डों को ध्वस्त किया है, उसके बाद अमेरिका और इजराईल की जो दादागिरी थी, वह एक तरह से खत्म होने के कगार पर खड़ी है। जो देश इस युद्ध में शामिल नहीं है, उन्हें भी कई मोर्चे में संघर्ष करना पड़ रहा है। उन देशों में भी महंगाई- बेरोजगारी के साथ आर्थिक संकट बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था का संकट वैश्विक स्तर पर जिस तरह से देखने को मिल रहा है, आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है जल्द ही वैश्विक स्तर पर महामंदी फैलने का खतरा बन गया है। दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी के कारण अर्थ व्यवस्था का वर्तमान स्वरूप पूरी तरह से छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वैश्विक व्यापार संधि के बाद दुनिया के देशों में जिस तरह से विकास, बाजारवाद एवं कर्ज के माध्यम से आर्थिक विकास हुआ था, उसके कारण वर्तमान स्थिति में सभी देशों के ऊपर भारी कर्ज है। सभी देशों की अर्थ व्यवस्था में बड़ा दबाव है। रही-सही कसर इस युद्ध ने पूरी कर दी है। 1 माह में सभी दुनिया के देशों को ऊर्जा संकट और व्यापारिक गतिविधियों को जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई जल्द संभव नहीं होगी। युद्ध जल्दी ही बंद नहीं हुआ, तो इसके भीषण परिणामों की कल्पना नहीं की जा सकती है। इससे सारी दुनिया के देशों की चिंता बढ़ती चली जा रही है। सारी दुनिया के देशों में मंहगाई, बेरोजगारी और सामानों की उपलब्धता को लेकर अराजकता का माहौल बन रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, सामाजिक विकास में आर्थिक व्यवस्था का सबसे बड़ा योगदान होता है। पिछले 30 वर्षों में जिस तरह से बाजारवाद का असर सारी दुनिया के देशों में हुआ है। कर्ज की अर्थव्यवस्था सारी दुनिया के देशों में फैली है। इसका बुरा असर जल्द ही सारी दुनिया को आर्थिक महामंदी के रूप में देखने को मिल सकता है।



# जिसमें मन को खुशी मिले वही काम करें

हर इंसान की पसंद, जरूरतें और प्राथमिकताएं दूसरे से अलग होती हैं। इसलिए दूसरों की बिन मांगी सलाह पर अमल करने के बजाय हमें वही करना चाहिए, जो खुद को सही लगे। मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जूलॉजी में एमएससी किया था। मैं बचपन से ही पढ़ाई में काफी अच्छी थी और मुझे टीचिंग का प्रोफेशन बहुत पसंद था। मैं करियर को लेकर ज्यादा महत्वाकांक्षी नहीं हूं और न ही मेरे मन में ज्यादा पैसे कमाने की लालसा है। मेरे पैरेंट्स चाहते थे कि मैं आगे रिसर्च करूं और साइंटिस्ट बनूं। इसलिए उनका मन रखने के लिए मैंने रिसर्च के लिए बीएचयू में अप्लाई कर दिया था और वहां से बुलावा भी आ गया था। इसी बीच बरेली के एक कॉलेज में भी मुझे जॉब मिल गई जिसे छोड़कर मैं बनारस नहीं जाना चाहती थी।

तब परिवार के अलावा दोस्तों और पास-पड़ोस के लोगों ने मुझे बहुत समझाया कि ऐसे मौके बार-बार नहीं मिलते और इन्हें खोना मूर्खता होगी। तुम्हें आगे रिसर्च करना चाहिए। इससे भविष्य और उज्जवल होगा। इसके लिए मुझे लोगों से कई तरह की बातें सुनने को मिलीं, पर मैं अपने फैसले पर अडिग रही। मेरा मानना है कि हमें वही कार्य करना चाहिए, जिससे हमारे मन को सच्ची खुशी मिले। अब मैं अपने कार्य से पूरी तरह संतुष्ट हूं और मुझे अपने उस निर्णय पर जरा भी अफसोस नहीं है। मैं इस बात का पूरा यकीन करती हूं कि हर इंसान को अपने जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय खुद ही लेने चाहिए।

## ध्यान नहीं दिया व्यर्थ की बातों पर

मैंने शास्त्रीय संगीत में विशारद की उपाधि हासिल की है, पर शादी के बाद घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों में व्यस्त हो गई। मैं जॉब करना चाहती थी, लोगों के सामने स्टेज पर गाना चाहती थी, जब भी मैं अपनी यह इच्छा जाहिर करती तो मेरे मायके-ससुराल वाले साथ मिलकर मुझे समझाने लगते कि ये सब बेकार की बातें हैं, बाहर की दुनिया स्त्रियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर गाने का इतना ही शौक है तो घर पर ही रियाज कर लिया करो, लेकिन मैं अपनी पहचान बनाना चाहती थी। इसलिए मैंने लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अपनी सारी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए शहर की कुछ सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर मैंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गाना शुरू कर दिया। आज जब लोग मेरे गायन की प्रशंसा करते हैं तो इससे मुझे सच्ची आत्म-संतुष्टि मिलती है। इतना ही नहीं, अब पारिवार के लोग भी मेरी इस कामयाबी पर गर्व करते हैं।

## इन सात मंत्रों से रहा जा सकता है खुश

- अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें। साथ ही प्रतिदिन अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। याद रखें, जिंदगी में कुछ भी असंभव नहीं है, बस पूरी शक्ति के साथ प्रयास करने की जरूरत है। नकारात्मक सोच रखने से न केवल हमारा आत्मविश्वास कमजोर होता है, बल्कि हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है।
- पुरानी यादों और बातों को भूलकर वर्तमान पर अपना ध्यान केंद्रित करें। याद रखें यदि आप सिर्फ पुरानी यादों और बातों के बारे में सोचती रहेंगी तो वर्तमान का सुख उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं, लेकिन जहां जाने पर आपका मन दुखी हो जाता हो, वहां बिल्कुल न जाएं।
- जब भी मौका मिले मनपसंद संगीत सुनें। कई शोध-अध्ययनों से यह बात साबित हो चुकी है कि पसंदीदा संगीत तनाव के स्तर को काफी कम कर देता है।
- न किसी ने सही कहा कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में घंटों बीत जाते हैं। इसलिए स्वयं भी हंसें और दूसरों को भी हंसने का अवसर प्रदान करें।
- आप जो खाती हैं वही आपके चेहरे और शरीर से झलकता है। खानपान या रहन-सहन में थोड़ी-सी लापरवाही का असर सीधा आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए अपने खानपान पर पर्याप्त ध्यान दें। मौसमी सब्जियों और फलों का नियमित सेवन करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि आपका खानपान कलरफुल हो अर्थात आपके भोजन में हर रंग का समावेश होना चाहिए।
- विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित डाइट से आप हमेशा फिर रह सकती हैं। न चेहरे पर रौनक तभी आती है, जब आपके शरीर को पूर्ण विश्राम मिले। इसके लिए जरूरी है कि पर्याप्त नींद लें। पर्याप्त नींद लेने से न केवल चेहरे पर चमक आती है, बल्कि स्वास्थ्य भी सही रहता है।





# स्ट्रीट शॉपिंग में अच्छी बार्गेनिंग के लिए फॉलो करें ये स्मार्ट ट्रिक्स

**स्ट्रीट शॉपिंग में सही बार्गेनिंग करने के लिए आप कुछ आसान ट्रिक्स को फॉलो कर सकती हैं और अच्छे सामान सही दामों में खरीद भी सकती हैं।**

दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट हो या फिर मुंबई की लिंकिंग रोड मार्केट, भला किसे सस्ते दामों में अच्छे सामान की शॉपिंग करना अच्छा नहीं लगता है। यूं कहा जाए कि स्ट्रीट शॉपिंग कई लोगों की जरूरत नहीं बल्कि शौक होता है। दरअसल स्ट्रीट मार्केट ऐसे मार्केट होती है जिसमें कई तरह की अच्छी और ब्रांडेड चीजें भी सही दामों में मिल जाती हैं। जब भी स्ट्रीट शॉपिंग की बात आती है तब आप में से कई लोग दुकानदार के बताए दामों पर ही चीजें खरीद लेते होंगे और कई लोग दाम कम कराने के लिए अच्छी बार्गेनिंग भी करते होंगे।

इस तरह की मार्केट में कई बार दुकानदार किसी भी सामान के दाम मनचाहे ढंग से बताते हैं और अगर आपने ठीक तरह से बार्गेनिंग नहीं की तो वो आपको सस्ते दामों वाले सामान भी ज्यादा दामों पर बेच सकते हैं। इसलिए स्ट्रीट शॉपिंग में आपको अच्छी बार्गेनिंग की जरूरत होती है जिससे आप सही सामन उचित दामों में खरीद सकें। अगर आपको बार्गेनिंग नहीं आती है तो आप कुछ स्मार्ट ट्रिक्स से स्ट्रीट शॉपिंग में बार्गेनिंग कर सकते हैं।

## कई दुकानों और स्टालों की जांच करें

आप चाहे दिल्ली की सरोजिनी नगर में स्ट्रीट शॉपिंग कर रही हों या गोवा की फ्ली मार्केट में सामान खरीद रही हों, सबसे पहले आपको किसी एक सामान के लिए कई अलग-अलग स्टालों की जांच करनी चाहिए। ऐसा करके आप देखेंगे कि अधिकांश दुकानों और स्टालों में एक ही तरह के कपड़े और सामान हो सकते हैं। कई बार किसी कपड़े का पैटर्न, प्रिंट, कलर सब लगभग एक जैसा ही होता है लेकिन उनके दाम अलग होते हैं ऐसे में अगर आपको कोई ऐसी चीज मिलती है जो आपको पसंद है, तो कई दुकानों से उसके दाम पता करें। इससे आपको यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या कोई दुकानदार कीमत को ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। सामान्य तौर पर मार्केट की छोटी दुकानों की तुलना में सड़क के किनारे के स्टालों की दरें हमेशा सस्ती होंगी आप सही कीमत के हिसाब से बार्गेनिंग करके शॉपिंग करें।



## थोड़ा झूठ भी है जरूरी

स्ट्रीट शॉपिंग के समय आपके लिए थोड़ा झूठ बोलना भी अच्छा होता है। यदि आप चाहते हैं कि दुकानदार आपको गंभीरता से ले, तो आपको यह दिखाना होगा कि आप अलग-अलग जगह और कीमतों से परिचित हैं। आप स्ट्रीट शॉपिंग दुकानदार से यह कह सकते हैं कि आप उस खास जगह और बाजारों में अच्छी तरह से खरीदारी करते हैं और आप हर एक सामान के सही दामों से परिचित हैं। ये स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक आपको सस्ते दामों में अच्छी चीजें दिला सकती है।

## अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें

कई बार आपको स्ट्रीट शॉपिंग में कोई ऐसा सामान मिल जाता है जो आपकी पसंद का होता है और आप उसे बहुत दिनों से ढूढ़ रहे होते हैं। ऐसे में उस सामान को देखकर ज्यादा एक्साइटेड होने की बजाय अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें। कभी भी दुकानदार के सामने ये न जटाएं कि आपको किसी सामान की बहुत ज्यादा जरूरत है। अगर दुकानदार आपकी जरूरत को समझ जाता है तो वो बढ़ चढ़ कर दाम बताता है। इसलिए आपका न्यूट्रल रिएक्शन बार्गेनिंग में मदद कर सकता है।

## दुकानदार की कीमत का आधा दाम बताएं

कुछ मामलों में यह बेतुका लग सकता है, लेकिन हमेशा जब भी आओ स्ट्रीट शॉपिंग कर रहे हों तब आप दुकानदार द्वारा बताए दाम का लगभग 50-60% कम करने से आप उस कीमत के करीब पहुंच जाते हैं, जो वास्तव में उस सामान की कीमत है। दरअसल स्ट्रीट शॉपिंग में दुकानदार अपनी इच्छा से दाम बढ़ा देते हैं जो बार्गेनिंग से कम किये जा सकते हैं।

## चीजों में ढूढें डिफेक्ट

जब आप स्ट्रीट शॉपिंग के लिए जाएं तो किसी भी सामान में कोई ऐसा डिफेक्ट ढूंढने की कोशिश करें जो वास्तव में डिफेक्ट न होकर उस कपड़े का डिजाइन या कलर ही हो। लेकिन आप डिफेक्ट के नाम पर अच्छी बार्गेनिंग करके स्ट्रीट शॉपिंग (भारत के इन राज्यों में उठाएं स्ट्रीट मार्केट का मजा) में चीजों के दाम कम करा सकती हैं। स्ट्रीट मार्केट में मिलने वाले बहुत से कपड़े वास्तव में ऐसे होते हैं जो होल सेल से आते हैं और इसमें कोई बहुत छोटा सा डिफेक्ट भी हो सकता है जैसे बटन का ढीला होना या किसी जगह की सिलाई खुलना। सामान सेलेक्ट करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप उसके हर इंच को स्कैन कर लें। यदि डिफेक्ट ज्यादा बड़ा नहीं है तो आप इसके दाम कम करा सकते हैं। वास्तव में यह एक स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक है।

# मेहंदी का रंग चढ़ेगा गहरा जानिए आसान तरीके

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती - संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स -

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें,उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# कैसा होना चाहिए बच्चे का पूरे हफ्ते का डाइट चार्ट

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

## सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 8.30 से 9.30 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 11.30 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 4.30 से 5.30 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 7.30 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

## मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बुधवार का खाना

2.5 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com